# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, शुक्रवार 16 जनवरी 2026






**SHOWROOMS: CHHATTISGARH:** RENAULT **BILASPUR** Ph: 8448989103. RENAULT **AMBIKAPUR** Ph: 8448989107. RENAULT **BHILAI** Ph: 7290017807. RENAULT **JAGDALPUR** Ph: 7428297117. RENAULT **KORBA** Ph: 9319184879. RENAULT **RAIPUR** Ph: 7290017983. RENAULT **RAJNANDGAON** Ph: 7428438931.

# चाइनीज मांझे से रायपुर में छात्र का गाल कटा, दुर्ग में एक जख्मी, इधर, देशभर में इस जानलेवा मांझे ने ली 17 की जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

देश के साथ प्रदेश में भी चाइनीस मांझे का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है। पतंगबाजी के दौरान रायपुर के छात्र के गाल कट गए, वहीं भिलाई में ठेका मजदूर घायल हो गया। पहली घटना रायपुर के पंडरी एक्सप्रेस वे पर हुई। इस हादसे में छात्र संकल्प द्विवेदी गंभीर रूप से घायल हो गया। उसके दोनों गाल में मांझे से कट लगे हैं। वह अपनी बड़ी बहन को स्कूल छोड़ने जा रहा था, तभी चलती गाड़ी में चाइनीस मांझा उसके चेहरे में फंस गया। इससे छात्र के गाल कट गए। वह लहूलुहान हो गया। छात्र को 34 टांके लगाने पड़े। हादसे में छात्र के बहन के हाथ भी मांझे से कट गए। डॉक्टरों ने बताया कि चाइनीस मांझे से लगे घाव के निशान स्थायी रह सकते हैं, इसलिए प्लास्टिक सर्जरी की सलाह दी गई। इससे पहले रविवार की शाम राजधानी रायपुर में ही करीब 5 बजे पतंग के चाइनीस मांझे से एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई थी।

हरिभूमि फॉलोअप

### गुहार लगाने पहुंचा छात्र

*पंडरी एक्सप्रेस वे चाइनीज मंजे से घायल छात्र संकल्प द्विवेदी इस घटना के बाद नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी के पास पहुंचा और न्याय की गुहार लगाई। उसने कहा कि जो घटना मेरे साथ घटी है, वो किसी भी परिवार के साथ ना हो, इस के लिए आप के पास आया हूं, आप से उम्मीद है कि हमारी मदद करेंगे। नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी ने अपनी गहरी संवेदना प्रगट करते हुए कहा कि वे छात्र संकल्प द्विवेदी की हरसंभव मदद करेंगे, ताकि इस घटना की पुनरावृत्ति राजधानी के किसी भी परिवार के सदस्यों के साथ ना हो। नेता प्रतिपक्ष ने निगम आयुक्त और जिला कलेक्टर से मांग की है, चाइनीज मांझे की बिक्री, भंडारण और उपयोग पर सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि आम नागरिकों की जान की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।*


मकर संक्रांति पर पतंग के साथ जानलेवा डोर, इंदौर में चार का कटा गला
चाइनीज मांझे ने ली यूपी के डॉक्टर की जान
कर्नाटक-गुजरात में 3 बाइक सवारों की मौत



- पंडरी एक्सप्रेस वे में गाड़ी चलाते हुए छात्र के दोनों गाल में कट
- 32 टांके लगे, डॉक्टरों ने प्लास्टिक सर्जरी करवाने कहा

### भिलाई में ठेका श्रमिक के गले में फंसा मांझा

*भिलाई में मकर संक्राति के दिन कुछ युवक चाइनीस मांझे से पतंग उड़ा रहे थे। साइकिल से घर लौटते समय पतंग का मांझा सीधे श्रमिक के गले में उलझ गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूत्रों के मुताबिक घायल की पहचान चांदनी चौक कोहका निवासी असलम के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि असलम भिलाई इस्पात संयंत्र में ठेका श्रमिक है। घटना के बाद उसे तत्काल इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया।*

### इलाहाबाद हाईकोर्ट ने दी हिदायत

इधर, इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए एक बार फिर कहा कि चाइनीज मांझा के निर्माण, उपयोग और बिक्री पर राज्य सरकार प्रतिबंध लगाए। चाइनीज मांझा मानव के साथ ही पक्षियों के लिए भी घातक है। यह आदेश मुख्य न्यायाधीश अरुण भंसाली तथा न्यायमूर्ति क्षितिज शैलेन्द्र की खंडपीठ ने दिया है।

### चार राज्यों में कई घायल

मकर संक्रांति पर पतंगबाजी के दौरान लगातार हादसे भी सामने आ रहे हैं। बीते दो दिनों में गुजरात में में 9 और राजस्थान में 6, उत्तर प्रदेश और कर्नाटक में 1-1 लोगों की मौत हो चुकी है। एक दिन पहले उत्तरप्रदेश में एक डॉक्टर की मौत चाइनीज मांझे से हुई थी। इंदौर में मकर संक्रांति के पर्व पर चीनी मांझे के कारण चार राहगीर घायल हो गए और पुलिस ने पतंग उड़ाने में इस घातक डोर के इस्तेमाल व इसकी खरीद-फरोख्त के आरोप में 25 लोगों को गिरफ्तार किया है। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त राजेश दंडोतिया ने बताया कि मकर संक्रांति पर बुधवार को शहर के अलग-अलग इलाकों में चीनी मांझे के कारण चार राहगीर घायल हो गए।

जिन्हें नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया। उन्होंने बताया कि इलाज के बाद चारों मरीजों की हालत फिलहाल खतरे से बाहर है। दंडोतिया ने बताया, शहर में चीनी मांझे के इस्तेमाल और इसकी खरीद-फरोख्त को लेकर 16 आपराधिक मामले दर्ज किए गए हैं जिनमें 25 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

## खनिज से राज्य शासन को मिलेगा 17 हजार करोड़ का राजस्व

# छत्तीसगढ़ लीथियम खदान की नीलामी करने वाला देश का पहला राज्य बना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खनिज विभाग के सचिव पी. दयानन्द ने बताया कि छत्तीसगढ़ लीथियम खदान की नीलामी करने वाला देश का पहला राज्य बन गया है। केन्द्र सरकार द्वारा कोरबा जिले के कटघोरा तहसील अन्तर्गत लीथियम और दुर्लभ खनिज की नीलामी की गयी है। राज्य में लीथियम खदान खुलने से स्थानीय बेरोजगारों के लिए रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। वर्तमान परिदृश्य में क्रिटिकल एवं स्ट्रेटेजिक मेनरल्स की महत्ता काफी बढ़ गई है, जिसके दृष्टिगत छत्तीसगढ़ राज्य के सुकमा तथा बस्तर जिले के बेंगपाल एलिंगनार कोमाकोलेंग क्षेत्र में लीथियम, नियोबियम, टेंटेलम तथा आरईई खनिज की खोज के लिए अधिसूचित प्राइवेट सेक्टर एक्सप्लोरेशन एजेंसियों के माध्यम से एनएमईटी के तहत 1 परियोजना स्वीकृत की गई है।

- सचिव भौमिकी एवं खनिकर्म पी. दयानंद ने दो साल किया काम




प्रदेश में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व वाली सरकार के दो साल के कार्यकाल का सीएमडीसी के अध्यक्ष सौरभ सिंह के साथ पत्रकार वार्ता में मौजूद सचिव, भौमिकी एवं खनिकर्म पी. दयानंद ने लेखा-जोखा दिया। सचिव ने बताया कि योजनाबद्ध खनन नीतियों से राज्य के खनिज राजस्व में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। खनिज विभाग के सचिव पी. दयानन्द ने कहा, राज्य गठन के समय 429 करोड़ खनिज राजस्व में वृद्धि करते हुये अपने रजत जयंती वर्ष 2024-25 तक 14,592 करोड़ हो गया है। चालू वित्तीय वर्ष में माह दिसम्बर तक खनिजों से लगभग 10,345 करोड़ राजस्व प्राप्त हो चुका है एवं वित्तीय वर्ष की समाप्ति तक लगभग 17,000 करोड़ लक्ष्य की पूर्ति हेतु अग्रसर है। छत्तीसगढ़ राज्य देश में कुल खनिज उत्पादन का औसतन 17 प्रतिशत हिस्सेदारी में योगदान है तथा राज्य के कुल सकल घरेलू उत्पाद में लगभग 10 प्रतिशत योगदान दे रहा है।

### डीएमएफ से मिला 16 हजार करोड़ से अधिक का अंशदान

सचिव ने बताया कि खान मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी प्रधानमंत्री खनिज कल्याण क्षेत्र योजना गाईड लाईन-2024 के मार्गदर्शी सिद्धांतों को आत्मसात कर छत्तीसगढ़ जिला खनिज संस्थान न्यास नियम में संशोधन किये गये है। अब तक डीएमएफ अन्तर्गत 16,742 करोड़ का अंशदान प्राप्ति हुई है, जिसका खनन प्रभावित क्षेत्रों/लोगों के विकास हेतु 1.07,689 कार्यों की स्वीकृति की गई है, जिसमें से 75,901 कार्य पूर्ण हो गये है तथा शेष प्रगतिरत है। उन्होंने बताया कि डीएमएफ निधि के समायोजन द्वारा कुल जिला खनिज संस्थान अन्तर्गत होने वाले कार्यों का समुचित निगरानी, वित्तीय स्वीकृति, प्रबंधन एवं नियंत्रण एवं उत्तरदायिता के साथ कार्य किये जाने हेतु केन्द्र सरकार के डीएमएफ पोर्टल की भांति राज्य डीएमएफ पोर्टल 2.0 लागू किया गया है।

### क्रिटिकल मिनरल्स की खोज पर फोकस

उन्होंने कहा, केन्द्र सरकार द्वारा खनिज अधिनियम में संशोधन करते हुए. देश में खनिजों की खोज हेतु राष्ट्रीय खनिज खोज विकास न्यास (एनएमईडीटी) गठन किया गया। उक्त न्यास मद में वर्ष 2015-16 से अब तक माह दिसम्बर 2025 तक 1,159 करोड़ रुपये जमा किया जा चुका है। सचिव ने बताया कि प्रधानमंत्री के मंशानुसार क्रिटिकल मिनरल्स को विकसित भारत 2047 की दृष्टिगत में अति-महत्वपूर्ण माना गया है। भारत सरकार द्वारा नेशनल क्रिटिकल मिशन लागू किया गया है। जिससे क्रिटिकल मिनरल्स की खोज एवं दोहन को बढ़ावा दिया जा रहा है।

### भविष्य की कार्ययोजना

पिछले 2 वर्षों में सीएमडीसी के द्वारा नवीन आयाम स्थापित किये है। वहीं भविष्य के परियोजनाओं को अपेक्षित गति प्रदान करने के लिए कार्ययोजना तैयार कर आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में सीएमडीसी भी सहभागिता निभाने का प्रयास कर रही है। टिन खनिज के लिए नॉन ऑपरेशन खदान को लैप्स घोषित किया गया एवं केन्द्र सरकार के माध्यम से नीलामी की कार्रवाई प्रचलन में है। आगामी 2 से 3 वर्षों में खदान प्रारंभ होने से भविष्य में खनन एवं निकासी से राज्य शासन को अतिरिक्त राजस्व की प्राप्ति होगी। टिन स्लैग में अवस्थित टेंटलम, नियोबियम एवं अन्य को निष्कर्षण की कार्ययोजना तैयार कर पायलट परियोजना प्रारंभ की जा रही है।

## फॉर्मेट तैयार, 10वीं-12वीं की दूसरी परीक्षा के बाद ही मिलेगी अंकसूची

**रायपुर।** सीबीएसई बोर्ड परीक्षा 2026 से 10वीं में दो बार होगी। मार्कशीट का फॉर्मेट भी नया होगा, जिसे तैयार कर लिया गया है। सीबीएसई के अनुसार, दूसरी बार बोर्ड परीक्षा के बाद मिलेगी प्रिंटेड मार्कशीट मिलेगी। फरवरी मध्य से साल में दो बार सीबीएसई बोर्ड एग्जाम की शुरुआत हो जाएगी। शिक्षा मंत्रालय और केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने दसवीं पास करने वाले छात्रों को दी जाने वाली प्रिंटेड मार्कशीट का फॉर्मेट तैयार कर लिया है। दूसरी बोर्ड परीक्षा का रिजल्ट आने के बाद मार्कशीट मिल जाएगी। पहले दौर की परीक्षा के बाद मार्क्स स्टेटमेंट मिल जाएगा, जिसके आधार पर 11वीं में प्रोविजनल एडमिशन हो सकेगा।

गौरतलब है कि छात्रों में परीक्षा के तनाव को कम करने के लिए 10वीं कक्षा से बोर्ड एग्जाम के नए सिस्टम की शुरुआत हो रही है। छात्रों, अभिभावकों, शिक्षकों और विशेषज्ञों से भी फीडबैक लिया जाएगा। एग्जाम सिस्टम को और बेहतर बनाने के लिए महत्वपूर्ण सुझावों को शामिल किया जाएगा। इसके साथ ही 11वीं में छात्रों का एडमिशन कैसे हो, इस पर भी सामान्य दिशा-निर्देश जारी किए जाने की तैयारी है।

### दर्ज होंगे पहली परीक्षा के भी अंक

2026-27 में दसवीं में दो बार बार्ड एग्जाम हो रहे हैं और सीबीएसई ने मार्कशीट का फॉर्मेट तैयार कर लिया है। नए फॉर्मेट के अनुसार, प्रिंटेड मार्कशीट में इंटरनल असेसमेंट के नंबर होंगे। पहले बोर्ड एग्जाम के सभी विषयों के नंबर लिखे होंगे। उसके साथ परीक्षा के दूसरे चरण में जिन विषयों में छात्र शामिल हुआ होगा, उन विषयों के नंबर होंगे। फिर एक अन्य कॉलम में अलग-अलग विषयों का फाइनल स्कोर लिखा जाएगा। दोनों परीक्षाओं में से बेहतर स्कोर ही फाइनल माना जाएगा। यानी छात्र दोनों एग्जाम में से जिस परीक्षा में बेहतर अंक हासिल करेंगे, वही मार्क्स फाइनल माने जाएंगे।

### दोबारा करना होगा रजिस्ट्रेशन

पहले चरण की परीक्षा की पूरी तैयारी कर ली गई है और पहले चरण की परीक्षा के रिजल्ट के आधार पर जो छात्र दूसरे चरण की परीक्षा में शामिल होना चाहेंगे, उनके लिए रजिस्ट्रेशन विंडो ओपन होगी। वहीं 12वीं में दो बार बोर्ड परीक्षा को लेकर अभी निर्णय नहीं लिया गया है। शिक्षा मंत्रालय की पॉलिसी के मुताबिक अभी दसवीं में दो बार बोर्ड की परीक्षा होगी। फीडबैक देखा जाएगा। उसके बाद ही 12वीं में दो बार बोर्ड एग्जाम को लेकर चर्चाओं का दौर शुरू होगा। मंत्रालय की ओर से जो गाइडलाइंस होंगी, उसके मुताबिक ही तैयारी की जाएगी। पहली परीक्षा के रिजल्ट के आधार पर छात्रों को 11वीं में अस्थायी प्रवेश मिलेगा और दूसरे एग्जाम की परीक्षा के बाद फाइनल रिजल्ट के आधार पर 11वीं में दाखिला तभी कन्फर्म होगा।

## सीजीएमएससी घोटाला में ईडी ने जेल में बंद शशांक को किया गिरफ्तार

**रायपुर।** सीजीएमएससी में 660 करोड़ रुपए के रीएजेंट घोटाला के आरोप में जेल में बंद मोक्षित कार्पोरेशन के संचालक शशांक चोपड़ा को ईडी ने प्रोटेक्शन वारंट में कोर्ट में पेश कर पूछताछ करने 19 जनवरी तक पुलिस रिमांड हासिल की है। उल्लेखनीय है कि रीएजेंट घोटाले की जांच ईओडब्लू के साथ ईडी भी कर रही है। ईडी ने अपने प्रकरण में शशांक चोपड़ा को पहली बार गिरफ्तार किया है। शशांक ईओडब्लू के प्रकरण में जेल में बंद है। शशांक चोपड़ा सीजीएमएससी घोटाले का मास्टरमाइंड है। इसके पूर्व ईडी ने अरबों के घोटाले में पीएमएलए दर्ज करने के बाद 30-31 जुलाई को मोक्षित कार्पोरेशन के डायरेक्टर शशांक चोपड़ा, उसके रिश्तेदार तथा मिलीभगत में शामिल अधिकारियों के 20 ठिकानों की तलाशी ली थी। अगस्त में ईडी ने शशांक चोपड़ा तथा उसके रिश्तेदारों की 40 करोड़ रुपए से ज्यादा कीमत की चल-अचल संपत्ति अटैच की है। अगस्त में की गई कार्रवाई के बाद ईडी ने अब शशांक चोपड़ा से नए सिरे से पूछताछ करने कोर्ट से रिमांड हासिल की है।

# हाईकोर्ट बार एसोसिएशन चुनाव मतदान अब 12 फरवरी को

**बिलासपुर।** उच्च न्यायालय अधिवक्ता संघ के निर्वाचन के लिए पूर्व में घोषित चुनाव कार्यक्रम आगामी तिथियों के लिये पुनः निर्धारित किया जा रहा है। अब इस चुनाव के लिए मतदान 5 फरवरी की जगह 12 फरवरी को होगा। हाईकोर्ट बार एसोसियेशन चुनाव के लिए प्रशासक समिति निर्धारित की गई थी जिसमें सीनियर एडवोकेट एचबी अग्रवाल, राज अवस्थी, राजेश कुमार केशरवानी शामिल थे। इनमें से दो प्रशासकों राज अवस्थी , राजेश कुमार केशरवानी की सहमति से चुनाव को संशोधित किया गया है। इसकी वजह बताते हुए दोनों प्रशासकों ने आज बताया कि चुनाव कार्यक्रम घोषणा के पूर्व चुनाव अधिकारी की नियुक्ति नहीं की जा सकी है। चुनाव के संबंध में विवादों के निपटारे के लिए अपीलीय समिति का गठन भी नहीं किया जा सका है। इस वजह से अगामी चुनाव कार्यक्रम की तिथियां पुनः घोषित की जा रही हैं। पूर्व में निर्वाचन के संबंध में जारी सभी दिशा निर्देश वापस लिये जा रहे हैं। पूर्व चुनाव कार्यक्रम के परिपालन में जिन प्रत्याशियों ने नामांकन के साथ अमानत राशि जमा की हैं उसे आगामी चुनाव में उसी पद पर प्रत्याशी होने की स्थिति में समायोजित मानी जाएगी अर्थात उन्हें पृथक से राशि जमा नहीं करनी पड़ेगी। अधिवक्ता संघ के निर्वाचन के लिए वर्ष 2026-2028 के लिए जो संशोधित चुनाव कार्यक्रम घोषित किया गया है उसके अनुसार घोषणा पत्र जमा करने की तिथि-16 जनवरी से शुक्रवार से 20 जनवरी मंगलवार तक प्रारंभिक मतदाता सूची का प्रकाशन 21 जनवरी बुधवार और दावा आपत्ति की अंतिम तिथि 22 जनवरी गुरुवार से 23 फरवरी शुक्रवार तक रहेगी। अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 27 जनवरी को और नामांकन पत्र वितरण एवं जमा करने की अंतिम की तिथि 28 जनवरी से 30 जनवरी तक रहेगी। नामांकन पत्रों की जांच 31 जनवरी शनिवार को होगी। इसी प्रकार उम्मीदवारों की प्रारंभिक सूची का प्रकाशन 3 फरवरी को होगा। 5 फरवरी तक नाम वापसी के बाद 6 तारीख को अंतिम प्रकाशन होगा। मतदान 12 फरवरी गुरुवार सुबह 10.30 से शाम 5 बजे तक चलेगा तथा मतगणना 13 फरवरी को और विजयी प्रत्याशियों का प्रमाण पत्र वितरण 16 फरवरी सोमवार शाम 4 बजे होगा। प्रशासनिक समिति ने प्रस्तावित अधिवक्ता संघ के वर्ष 2026-2028 के चुनाव के लिए अनूप मजूमदार अधिवक्ता को मुख्य निर्वाचन अधिकारी एवं अधिवक्ता बीएन नन्दे तथा अधिवक्ता शिशिर दीक्षित को सहायक निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया है। इसी तरह चुनाव के संबंध में उत्पन्न विवादों के निपटारे के लिए अपील समिति का गठन हुआ है। इसमें अधिवक्ता सोमनाथ वर्मा, सुनील काले, डीएन प्रजापति को शामिल किया गया है।



- पहले बार एसोसिएशन चुनाव 5 फरवरी को होना था

## चार आईएफएस अधिकारियों के तबादले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य शासन ने गुरुवार को प्रशासनिक फेरबदल करते हुए भारतीय वन सेवा (आईएफएस) के चार अधिकारियों के तबादले के आदेश जारी किए हैं। इस तबादला सूची में एक अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (एपीसीसीएफ) स्तर के अधिकारी भी शामिल हैं।

नवीद शुजाउद्दीन प्रभारी अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक, संयुक्त वन प्रबंधन, नीति विशलेषक अरण्य भवन रायपुर को संयुक्त वन प्रबंधन, सामुदायिक वानिकी संरक्षण, रमेश कुमार जांगड़े उप वन संरक्षक छग राज्य लघु वनोपज को उन वन संरक्षक बीजापुर, रंगानाथा रामकृष्णा वाय उप वन संरक्षक बीजापुर को वन उप संरक्षक दंतेवाड़ा और जाधव सागर रामचंद्र को उप वन संरक्षक दंतेवाड़ा को वन उप संरक्षक परिश्योजना निर्माण निगरानी एवं मूल्यांकन के पद पर वन मुख्यालय अरण्य भवन में पदस्थ किया गया है। इस तबादले से वन संरक्षण, वन्यजीव प्रबंधन और विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन में गति आने की उम्मीद जताई जा रही है।

## निकायों की योजनाओं पर राशि खर्च कर दी, उपयोगिता प्रमाण पत्र में रकम और खर्च का हिसाब तक नहीं

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के नगरीय निकायों को राज्य प्रवर्तित योजनाओं के लिए राशि दिए जाने के बाद ये प्रावधान है कि उस राशि का पूरा हिसाब दे, और राशि कहां खर्च हुई है काम कितना हुआ है, इसका ब्योरा उपयोगिता प्रमाणपत्र के साथ दें।, लेकिन राज्य के 10 नगरीय निकायों ने उपयोगिता प्रमाण पत्र देकर शेष राशि की मांग की है, लेकिन उनके प्रमाण पत्रों में भारी गफलत सामने आई है। इस मामले को लेकर राज्य शहरी विकास अभिकरण सूडा ने इन निकायों को सचेत करते हुए उपयोगिता प्रमाण पत्र में सामने आई कमियों को दूर करने का निर्देश दिया है। सूडा ने जिन निकायों को उपयोगिता प्रमाण पत्र में गड़बड़ियों को ठीक करने कहा है, उनमें नगर निगम अंबिकापुर, नगर पालिका परिषद बलरामपुर, जशपुर, मनेन्द्रगढ़ नगर पंचायत, कोटा, चारामा,घुरा, सहसपुरलोहारा, टुण्डरा और नगर पंचायत बरमकेला शामिल हैं।


**कार्यालय कलेक्टर (आदिवासी विकास) बलरामपुर जिला-बलरामपुर-रामानुजगंज (छ.ग.)**

**संक्षिप्त ई-निविदा आमंत्रण सूचना ::**

क्रमांक / 3235/ निर्माण/आ.वि./2026 बलरामपुर, दिनांक 13 जन.2026

छ.ग. के राज्यपाल के नाम से निम्नलिखित कार्य के लिए कार्यालय कलेक्टर (आदिवासी विकास) बलरामपुर, जिला–बलरामपुर–रामानुजगंज में नीचे दर्शाये गये विवरण के अनुसार एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत डी–श्रेणी एवं इससे ऊपर श्रेणी के ठेकेदारों से लोक निर्माण विभाग द्वारा भवन दर अनुसूची जो दिनांक 01.01.2015 एवं विद्युतीकरण दर अनुसूची जो दिनांक 01.01.2015 से प्रभावशील है, (समस्त संशोधन सहित) एस.ओ.आर. पद्धति में ई-टेडरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर पर दिनांक 02.02.2026 समय 23:59 बजे तक ऑनलाईन प्रथम ई–निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | ऑनलाईन निविदा क्रमांक | कार्य का नाम | निविदा की राशि | अमानत राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षाकाल सहित) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 183219 | कन्या आश्रम सवनी में क्लासरूम का निर्माण | 19,39,840 | 14,600 | 04 माह |
| 2 | 183224 | बालक आश्रम सीता रामपुर में क्लासरूम का निर्माण | 19,39,840 | 14,600 | 04 माह |
| 3 | 183225 | बालक आश्रम चूनापाथर में क्लासरूम का निर्माण | 19,39,840 | 14,600 | 04 माह |
| 4 | 183228 | आदिवासी बालक आश्रम करंवा में क्लासरूम का निर्माण | 19,39,840 | 14,600 | 04 माह |
| 5 | 183229 | पहाड़ी कोरवा बालक आश्रम डांड़खडुंवा में क्लासरूम का निर्माण | 19,39,840 | 14,600 | 04 माह |
| 6 | 183232 | पहाड़ी कोरवा बालक आश्रम पतरापारा में क्लासरूम का निर्माण | 19,39,840 | 14,600 | 04 माह |
| 7 | 183236 | आदिवासी बालक आश्रम डीपाडीहकला में क्लासरूम का निर्माण | 19,39,840 | 14,600 | 04 माह |
| 8 | 183238 | कन्या आश्रम रामनगर में क्लासरूम का निर्माण | 19,39,840 | 14,600 | 04 माह |
| 9 | 183242 | कन्या आश्रम चलगली में क्लासरूम का निर्माण | 19,39,840 | 14,600 | 04 माह |
| | | योग:- | 1,74,58,560 | | |

निविदा की सामान्य शर्ते एवं अन्य जानकारी वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in/ में देखी जा सकती है।

सहायक आयुक्त
आदिवासी विकास
बलरामपुर-रामानुजगंज

जी 252606082/2


### सीएम साय, डिप्टी सीएम अरुण, विजय सहित सांसद, विधायक बने हैं राष्ट्रीय परिषद के सदस्य

# प्रदेश के राष्ट्रीय परिषद के 17 सदस्य जाएंगे भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव में

**रायपुर।** भाजपा के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया 19 जनवरी को प्रारंभ होगी। अध्यक्ष के नाम का ऐलान 20 जनवरी को होगा। कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नवीन के ही पूर्णकालिक अध्यक्ष बनने की संभावना है। इस बार नए अध्यक्ष के चुनाव में छत्तीसगढ़ की भी भूमिका अहम रहेगी। चुनाव में प्रदेश को भी भागीदारी करने का पूरा मौका मिलेगा। प्रदेश में इस बार भाजपा प्रदेश संगठन के चुनाव पूरे होने के साथ राष्ट्रीय परिषद के 17 सदस्य बने हैं। इनमें मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, दोनों डिप्टी सीएम अरुण साव, विजय शर्मा के साथ प्रदेश के मंत्री, विधायक, सांसद और भाजपा नेता शामिल हैं। प्रदेश के राष्ट्रीय परिषद के सदस्य ही राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव के नामांकन में प्रस्तावक और समर्थक बनेंगे। भाजपा के राष्ट्रीय संगठन ने बीते साल के अंतिम माह में अचानक बिहार के मंत्री और छत्तीसगढ़ के प्रदेश प्रभारी नितन नवीन को कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया। अब नए साल में पूर्णकालिक अध्यक्ष का चुनाव 19 जनवरी को कराने का फैसला किया गया है। इसके पहले 2020 में 20 जनवरी को जेपी नड्डा पूर्णकालिक अध्यक्ष बने थे। उनको भी पहले कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया था। अब ठीक पांच साल पहले जैसे ही पूर्णकालिक अध्यक्ष का चुनाव कराया जा रहा है।



### प्रदेश के ये नेता जाएंगे दिल्ली

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव में कई राज्यों के राष्ट्रीय परिषद के सदस्यों से नामांकन फार्म में प्रस्तावक और समर्थक के रूप में हस्ताक्षर कराए जाते हैं। पिछली बार जब 2020 में राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव में जेपी नड्डा अध्यक्ष बने, तब छत्तीसगढ़ में प्रदेश संगठन का चुनाव पूरा न होने के कारण छत्तीसगढ़ को इसमें भागीदारी का मौका नहीं मिला था, लेकिन इस बार चुनाव पूरे होने के कारण छत्तीसगढ़ के राष्ट्रीय परिषद के 17 सदस्यों के साथ ही भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव को भी प्रस्ताव और समर्थक बनने का मौका मिलेगा। प्रदेश में जो राष्ट्रीय परिषद के सदस्य बने हैं, उनमें मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, डिप्टी सीएम अरुण साव, विजय शर्मा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पांडेय, लता उसेंडी, केंद्रीय मंत्री तोखन साहू, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, संतोष पांडेय, विजय बघेल, रूपकुमारी चौधरी, राज्य सभा सांसद देवेंद्र राजा प्रताप सिंह, विधायक विक्रम उसेंडी, पुन्नूलाल मोहिले, प्रदेश के मंत्री दयालदास बघेल, केदार कश्यप, पूर्व विधायक ननकी राम कंवर और खूबचंद पारख शामिल हैं। इनको जहां प्रस्तावक और समर्थक बनने का मौका मिलेगा, वहीं अध्यक्ष का चुनाव होने की स्थिति में इनको मतदान का भी अधिकार मिलेगा। ये सभी सदस्य नामांकन की प्रक्रिया वाले दिन 19 जनवरी या फिर एक दिन पहले 18 जनवरी को दिल्ली पहुंच जाएंगे।


**कार्यालय प्राचार्य औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.)**
Ph-0788-2281128 Email- itibhl@rediffmail.com

**प्लेसमेंट कैंप**

क्रमांक/औप्रसंभि/का.आ/प्लेसमेंट/2025/

आदर्श शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था जी.ई रोड पावरहाउस भिलाई, जिला-दुर्ग (छ.ग.) द्वारा दिनांक 19.01.2026 दिन- सोमवार को निम्नानुसार कंपनी/उद्योग हेतु नीचे उल्लेखित व्यवसायों के अभ्यर्थीयों के लिये जॉब फेयर का आयोजन किया गया है। जिसमें इच्छुक अभ्यर्थी (रेजिस्ट्रेशन हेतु प्रात: 9:30 से 11:00 बजे) 10वीं, 12वीं, आई.टी.आई से प्राप्त मार्कशीट, सर्टिफिकेट एवं रिज्यूम आधार आदि के साथ उपस्थित हो सकते है।

| क्रमांक | उद्योग/ प्रतिष्ठान का नाम | व्यवसाय का नाम | कुल पद | सैलेरी प्रति माह |
|---|---|---|---|---|
| 1 | L&T Construction Skills Training Institute, Panvel, Mumbai | Welder, Electrician, Wireman, Carpenter, Fitter, Mason (केवल पुरुष, उम्र 18 से 35 वर्ष) | 280 | दो माह निशुल्क प्रशिक्षण पूरा करने उपरांत 18000/- प्रतिमाह + रहने कि सुविधा |
| 2 | ShramIN Talent Pvt Ltd for Genus Power Infrastructure Ltd | Electrician (केवल पुरुष, उम्र 18 से 35 वर्ष, बाइक एवं ड्राइविंग लाइसेन्स अनिवार्य) | 150 | टेक्निशियन (15000/- से 18000/-) सुपरवाइसर (25000/-) जॉब लोकैशन: भिलाई, दुर्ग, धंधा, पाटन, चरोदा, ऊतई, गुंडेरदेही |
| 3 | Parishram for Genus Power Infrastructure Ltd | Electrician(केवल पुरुष, उम्र 18 से 35 वर्ष, बाइक एवं ड्राइविंग लाइसेन्स अनिवार्य) | 500 | इन्स्टॉलर (15000/- से 18000/-) सुपरवाइसर (25000/-) जॉब लोकैशन: छत्तीसगढ़ |
| 3 | PG Electroplast, Ahmednagar, Maharashtra | Electrician, Welder, Fitter, Mechanic (उम्र 18 से 30 वर्ष) | 100 | 19429/- (12 घंटे जॉब) जॉब लोकैशन: अहमदनगर, महाराष्ट्र |

जी. 252606067/2

प्राचार्य, आदर्श औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था भिलाई, जिला-दुर्ग (छ.ग)

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, शुक्रवार 16 जनवरी 2026



## युद्ध नशे विरुद्ध 2.0

दूसरे चरण की शुरुआत



स.भगवंत सिंह मान
मुख्यमंत्री, पंजाब

## पिंडां दे पहरेदार

पंजाब का हर व्यक्ति अब बन सकता है अपने गाँव और समाज का रक्षक

### पिंडां दे पहरेदार की भूमिका और ज़िम्मेदारियाँ

- जहाँ नशा बेचा या सप्लाई किया जाता है, उसकी सूचना देना
- यदि कोई व्यक्ति नशा छोड़ना चाहता है तो उसे नज़दीकी नशा मुक्ति केंद्र (ओ.ओ.ए.टी केंद्र) लेकर जाना

### फेज 1: 300 दिन में असल नतीजे

**29,978 एफ.आई.आर**
एनडीपीएस अधिनियम के तहत दर्ज

**43,276 गिरफ्तारियाँ**
राज्यभर में

**30,595 किलोग्राम**
नशा ज़ब्त

सूचना एवं लोक संपर्क विभाग, पंजाब

## चिंतन

# अनावश्यक दबाव न बनाएं कानून को काम करने दें

केंद्रीय जांच एजेंसियों पर अक्सर निष्पक्षता, पारदर्शिता और विश्वसनीयता को लेकर सवाल उठते रहे हैं। पिछले कुछ वर्षों से ये एजेंसियां विपक्षी दलों के निशाने पर रही हैं। सर्वोच्च अदालत भी ईडी की कार्यप्रणाली पर असंतोष जाहिर कर चुकी है। मगर हाल ही में पश्चिम बंगाल के कोलकाता में जो घटना हुई, उसमें न केवल ईडी, बल्कि राज्य सरकार भी सवालों के घेरे में आ गई है। केंद्रीय एजेंसी की ओर से एक राजनीतिक परामर्श फर्म के दफ्तर पर छापे के दौरान खुद मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का वहां पहुंचकर हस्तक्षेप करना निस्संदेह कई सवाल खड़े करता है। इस घटना को लेकर ईडी और मुख्यमंत्री के अपने-अपने तर्क हैं, लेकिन इस बात पर भी गंभीरता से विचार करने की जरूरत है कि आखिर इस तरह की स्थिति क्यों उत्पन्न हुई। दरअसल, ईडी ने आईपैक मामले में कोलकाता में छापेमारी की थी। इस दौरान राज्य की ममता बनर्जी मौके पर पहुंची और ईडी के अधिकारियों पर आरोप लगाते हुए कुछ फाइलें अपने साथ ले गईं। अब इस मामले में गंभीरता से विचार करने वाली बात यह है कि क्या कोई मुख्यमंत्री या मंत्री सीधे केंद्रीय जांच एजेंसी की कार्रवाई में हस्तक्षेप कर सकता है। विश्लेषकों का कहना है कि आप एक राज्य की मुख्यमंत्री हो सकती हैं, लेकिन कानून से ऊपर नहीं। जांच एजेंसी पर अनावश्यक दबाव नहीं दिया जा सकता। कोई भी मुख्यमंत्री या मंत्री एजेंसियों की कार्रवाई में बाधा नहीं बन सकता। ममता द्वारा ईडी के अधिकारियों के खिलाफ कोलकाता में दर्ज करवाए गए केस भी किसी भी दृष्टि से उचित नहीं कहे जा सकते। सभी को चाहिए कि कानून को अपना काम करने दें। जांच एजेंसियों पर किसी भी सूरत में अनावश्यक दबाव नहीं दिया जा सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने भी इस मामले में पश्चिम बंगाल की ममता सरकार को बड़ा झटका देते हुए ईडी के अधिकारियों के खिलाफ दर्ज एफआईआर को स्थगित कर दिया और ममता बनर्जी को नोटिस जारी किया है। अदालत ने कहा कि यह मामला बहुत गंभीर है और इसकी गहन जांच की जानी चाहिए। इस विवाद के कई पहलू हैं। ममता ने ईडी की कार्रवाई को जहां राजनीतिक बदला बताया है, वहीं ईडी ने इसे जांच में बाधा डालने का मामला कहा है। अब यह विवाद संवैधानिक मुद्दा बन गया है, जिसमें केंद्र और राज्य सरकारों के बीच अधिकारों का टकराव हो रहा है। इसके गंभीर परिणाम दिखाई देंगे। ईडी ने आरोप लगाया है कि ममता बनर्जी ने जांच में बाधा डाली है, जबकि ममता बनर्जी ने इसे जांच की स्वतंत्रता पर हमला बताया है। ईडी का कहना है कि जब देश के उच्च संवैधानिक पदों पर बैठे लोग सरेआम जब्त किए गए सबूत छीनते हैं और उनका मीडिया में प्रदर्शन करते हैं, तो यह सीधे तौर पर संविधान और कानून के शासन का अपमान है। इस तरह की घटनाएं जांच एजेंसियों के कामकाज को कमजोर करती हैं और कानून के पालन में बाधा बनती हैं। एजेंसी ने पश्चिम बंगाल पुलिस की भूमिका पर भी गंभीर सवाल खड़े करते हुए दावा किया कि बंगाल पुलिस ने एफआईआर के नाम पर उन सीसीटीवी कैमरों को जब्त कर लिया, जिनमें कथित तौर पर मुख्यमंत्री और अधिकारियों द्वारा जांच में बाधा डालने की पूरी रिकॉर्डिंग मौजूद थी। एजेंसी ने इसे साक्ष्यों को नष्ट करने की कोशिश करार दिया और कहा कि केंद्रीय अधिकारियों को डराने और भविष्य में जांच से रोकने के लिए उनके खिलाफ झूठी और कई एफआईआर दर्ज की जाती हैं, ताकि वे दबाव में आकर अपना काम न कर सकें।

# भारत के लिए संभावनाएं और चुनौतियां



इस्लामिक नाटो
कांतिलाल मांडोत

हाल के महीनों में जिस अवधारणा ने सबसे ज्यादा ध्यान खींचा है, वह है तथाकथित इस्लामिक नाटो। सऊदी अरब और पाकिस्तान के बीच हुआ रक्षा समझौता, उसमें तुर्किये की संभावित भागीदारी और अरब-इस्लामिक मंचों पर सामूहिक सुरक्षा की चर्चा ने इस विचार को नई हवा दी है। इस्लामिक नाटो' फिलहाल एक उभरती हुई परिकल्पना है, न कि एक ठोस हकीकत। इसके रास्ते में कई राजनीतिक, वैचारिक और व्यावहारिक अड़चनें हैं। जिस तरह से दुनिया का शक्ति संतुलन बदल रहा है, उसमें इस तरह की अवधारणाओं का उभरना स्वाभाविक है। भारत के लिए जरूरी है कि वह इन संकेतों को गंभीरता से समझे, अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए हर स्तर पर सजग रहे।

दुनिया की राजनीति इस समय एक गहरे बदलाव के दौर से गुजर रही है। शीत युद्ध के बाद जो वैश्विक व्यवस्था बनी थी, वह अब धीरे-धीरे ढीली पड़ती दिख रही है। अमेरिका और उसके सहयोगी देशों की भूमिका पर सवाल उठ रहे हैं, वहीं क्षेत्रीय शक्तियां अपने-अपने स्तर पर नए सुरक्षा विकल्प तलाश रही हैं। इसी पृष्ठभूमि में हाल के महीनों में जिस अवधारणा ने सबसे ज्यादा ध्यान खींचा है, वह है तथाकथित इस्लामिक नाटो। सऊदी अरब और पाकिस्तान के बीच हुआ रक्षा समझौता, उसमें तुर्किये की संभावित भागीदारी और अरब-इस्लामिक मंचों पर सामूहिक सुरक्षा की चर्चा ने इस विचार को नई हवा दी है। यह महज तीन देशों की आपसी नजदीकी का मामला नहीं है, बल्कि मध्य पूर्व, दक्षिण एशिया और वैश्विक शक्ति संतुलन पर दूरगामी असर डालने वाली प्रक्रिया का संकेत भी है। भारत के संदर्भ में यह विषय इसलिए और महत्वपूर्ण हो जाता है क्योंकि भारत के अधिकतर इस्लामिक देशों के साथ लंबे समय से कूटनीतिक और आर्थिक रिश्ते रहे हैं। सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात भारत के शीर्ष व्यापारिक साझेदारों में शामिल हैं। खाड़ी देशों में करोड़ों भारतीय काम करते हैं और वहां से आने वाला धन भारतीय अर्थव्यवस्था की एक मजबूत रीढ़ है। अब तक भारत ने इन देशों के साथ राजनीतिक मतभेदों के बावजूद व्यावहारिक और संतुलित संबंध बनाए रखे हैं।

अगर इस्लामिक देशों का कोई औपचारिक सैन्य संगठन अस्तित्व में आता है तो इस संतुलन पर असर पड़ना स्वाभाविक है। सऊदी अरब और पाकिस्तान के बीच सितंबर 2025 में हुआ रक्षा समझौता इस पूरी चर्चा की बुनियाद है। इस समझौते में यह प्रावधान रखा गया कि अगर दोनों में से किसी एक देश पर हमला होता है, तो उसे दूसरे देश पर हमला माना जाएगा। यह विचार पश्चिमी सैन्य गठबंधन की तर्ज पर है, जिसमें सामूहिक रक्षा की अवधारणा शामिल होती है। पाकिस्तान की खासियत यह है कि वह इकलौता इस्लामिक देश है जिसके पास परमाणु हथियार है। यही कारण है कि सऊदी अरब और अन्य खाड़ी देशों के लिए पाकिस्तान का साथ रणनीतिक रूप से आकर्षक बन जाता है। तुर्किये की संभावित भागीदारी इस गठजोड़ को और मजबूत रूप दे सकती है, क्योंकि तुर्किये के पास आधुनिक सैन्य तकनीक, प्रशिक्षित सेना और यूरोप तथा एशिया को जोड़ने वाली भौगोलिक स्थिति है। हालांकि यह भी सच है कि इस्लामिक देशों के बीच एक मजबूत और एकजुट सैन्य संगठन बनाना आसान नहीं है। इतिहास इस बात का गवाह रहा है कि मुस्लिम देशों ने पहले भी इस तरह की कोशिशें की हैं, लेकिन वे अक्सर कागजों से आगे नहीं बढ़ पाईं। सऊदी अरब की पहल पर बना आतंकवाद विरोधी इस्लामिक सैन्य गठबंधन हो या इस्लामिक सहयोग संगठन के भीतर संयुक्त सुरक्षा बल का प्रस्ताव, ये सभी योजनाएं आपसी मतभेदों और राजनीतिक असहमति के चलते ठंडे बस्ते में चली गईं। शिया और सुन्नी विभाजन, क्षेत्रीय नेतृत्व की प्रतिस्पर्धा और बाहरी शक्तियों से जुड़े हित इन प्रयासों की सबसे बड़ी बाधा रहे हैं। मध्य पूर्व की मौजूदा स्थिति इस बहस को और जटिल बना देती है। इजराइल की हालिया सैन्य कार्रवाइयों ने पूरे क्षेत्र को अस्थिर कर दिया है। कई इस्लामिक देशों पर हुए



हमलों के बाद अरब दुनिया में यह भावना गहरी हुई है कि उनकी सुरक्षा केवल बाहरी शक्तियों के भरोसे नहीं छोड़ी जा सकती। तेल संपन्न खाड़ी देशों के पास धन की कमी नहीं है, लेकिन परमाणु या अत्याधुनिक रणनीतिक हथियारों के मामले में वे कमजोर हैं। ऐसे में पाकिस्तान जैसे देश के साथ खड़ा होना उन्हें एक तरह की सुरक्षा ढाल का एहसास देता है। भारत के लिए यह परिदृश्य चिंता का विषय इसलिए भी है क्योंकि पाकिस्तान लंबे समय से इस्लामिक मंचों का इस्तेमाल भारत के खिलाफ माहौल बनाने के लिए करता रहा है। कश्मीर मुद्दे को इस्लामिक सहयोग संगठन की बैठकों में उठाया जाना और आतंकी घटनाओं को अंतरराष्ट्रीय रंग देने की कोशिशें इसका उदाहरण हैं।

विदेश मामलों के जानकार डॉ. राजन कुमार का मानना है कि भारत कभी नहीं चाहेगा कि इस्लामिक देशों के बीच कोई औपचारिक सैन्य संगठन बने, खासकर तब जब उसमें पाकिस्तान जैसी भूमिका हो। पाकिस्तान का परमाणु दर्जा उसे इस्लामिक दुनिया में एक अलग तरह की हैसियत देता है, जिसका इस्तेमाल वह अपने राजनीतिक उद्देश्यों के लिए कर सकता है। अगर भविष्य में इस्लामिक नाटो जैसा कोई संगठन बनता है और उसमें सामूहिक रक्षा का सिद्धांत लागू होता है, तो भारत और पाकिस्तान के बीच किसी भी संभावित संघर्ष का दायरा बढ़ सकता है। ऐसी स्थिति में संघर्ष केवल दो देशों तक सीमित न रहकर बहुपक्षीय रूप ले सकता है। तुर्किये पहले ही कई मौकों पर पाकिस्तान के समर्थन में खुलकर सामने आ चुका है। भारत ने पिछले कुछ वर्षों में अपनी कूटनीतिक रणनीति को और व्यापक बनाया है। ग्रीस और साइप्रस जैसे देशों के साथ रक्षा और रणनीतिक सहयोग बढ़ाना, इजराइल के साथ रिश्तों को और मजबूत करना, और पश्चिम एशिया में संतुलित नीति अपनाना इसी दिशा के कदम हैं। भारत की कोशिश रही है कि वह किसी एक खेमे में बंधने के बजाय सभी के साथ व्यावहारिक संबंध बनाए रखे। बदलते हालात में यह संतुलन बनाए रखना आसान नहीं होगा।

दूसरी ओर, यह भी समझना जरूरी है कि इस्लामिक नाटो की अवधारणा फिलहाल विचार और चर्चा के स्तर पर ही है। दोहा जैसी बैठकों में इसे सिद्धांत रूप में स्वीकार जरूर किया गया है, लेकिन कोई ठोस समयसीमा या स्पष्ट ढांचा सामने नहीं आया है। इस्लामिक देशों के आपसी मतभेद इतने गहरे हैं कि उन्हें एक मंच पर लाना ही बड़ी चुनौती है। मिस्र, जॉर्डन और कतर जैसे देश अभी भी अमेरिका के बड़े सहयोगी हैं। इंडोनेशिया और मलेशिया जैसे देशों की राजनीति और प्राथमिकताएं मध्य पूर्व से काफी अलग हैं। ऐसे में सभी का एकजुट होना आसान नहीं दिखता। फिर भी सऊदी अरब, पाकिस्तान और तुर्किये के बीच बढ़ती सैन्य और रणनीतिक नजदीकी को हल्के में नहीं लिया जा सकता। यह बदलते वैश्विक शक्ति संतुलन का संकेत है, जिसमें क्षेत्रीय शक्तियां अपने हितों की रक्षा के लिए नए रास्ते तलाश रही हैं। भारत के लिए यह एक चेतावनी भी है और एक अवसर भी। चेतावनी इसलिए कि भविष्य की चुनौतियों के लिए अभी से तैयार रहना होगा, और अवसर इसलिए कि सक्रिय कूटनीति, मजबूत आर्थिक संबंधों और बहुपक्षीय संवाद के जरिए इन बदलावों को संतुलित किया जा सकता है। कहा जा सकता है कि 'इस्लामिक नाटो' फिलहाल एक उभरती हुई परिकल्पना है, न कि एक ठोस हकीकत। इसके रास्ते में कई राजनीतिक, वैचारिक और व्यावहारिक अड़चनें हैं। जिस तरह से दुनिया का शक्ति संतुलन बदल रहा है, उसमें इस तरह की अवधारणाओं का उभरना स्वाभाविक है। भारत के लिए जरूरी है कि वह इन संकेतों को गंभीरता से समझे, अपनी रणनीति को समय के साथ ढाले और अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए हर स्तर पर सजग रहे।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## मंथन

बाल मुकुन्द ओझा



# समाज की जटिल सच्चाई बन गए हैं बिखरते रिश्ते

परिवार के सम्बन्ध में देशभर से मिल रही ख़बरें बेहद चिंताजनक हैं। परिवार को हमारे समाज में सामाजिक और सार्वभौमिक संस्था के रूप में स्वीकारा गया है। अनुशासन, आपसी स्नेह और भाईचारा तथा मर्यादा, परिवार को एक खुशहाल परिवार बना देता है। बुजुर्गों का कहना है जिस परिवार में एकता की भावना होती है, उसी घर में ही सुख-शांति और सम्पन्नता का निवास होता है। यही सामाजिक संस्था आज खंडित होने की स्थिति में है। परिवार और बिखरते रिश्ते आज समाज की एक जटिल सच्चाई बन गए हैं। परिवार की व्यवस्था आज की नहीं है, बल्कि ऋषि-मुनियों की देन है। आज दरकते रिश्तों से परिवार व्यवस्था टूट रही है जो समाज के लिए ठीक नहीं है। आज भी देश और दुनिया, परिवार और संयुक्त परिवार की अहमियत को लेकर विवादों में उलझी है। भारत में संयुक्त परिवार प्रणाली बहुत प्राचीन समय से ही विद्यमान रही है। वह भी एक जमाना था, जब भरा-पूरा परिवार हंसता-खेलता और चहकता था और एक-दूसरे से जुड़ा रहता था। बच्चों की किलकारियों से मोहल्ला गूंजता था। पैसे कम होते थे पर उसमे भी बहुत बरकत होती थी। आज परिवार छोटे हो गए हैं और टूटते जा रहे हैं। हमारे रिश्ते बिखरते जा रहे हैं। संयुक्त परिवार की आज के समय में महती आवश्यकता है। संयुक्त परिवारों के अभाव में भाईचारा एवं पारिवारिक वातावरण खत्म होने लगा है। परिवार में रिश्तों की नीरसता और संवादहीनता को दूर करने, परस्पर भाईचारे व तालमेल को बैठाने के लिए रिश्तों में सकारात्मक सोच को बढ़ाने की जरूरत है। परिवार के सभी छोटे हुए बड़े सदस्यों की भावनाओं का सम्मान करें तथा दिनभर घटित होने वाली छोटी-छोटी बातों और दुख-सुख को आपस में बांटें। संयुक्त राष्ट्र ने 1994 को अंतरराष्ट्रीय परिवार वर्ष घोषित किया था। समूचे संसार में लोगों के बीच परिवार की अहमियत बताने के लिए हर साल 15 मई को अंतरराष्ट्रीय परिवार दिवस मनाया जाने लगा है। आज बहुत से ऐसे परिवार हैं जिन्हें एक-दूसरे से खुलकर बात करने के लिए ज्यादा वक्त नहीं मिल पाता। आज के जमाने में लाइफ स्टाइल कितनी बदल गई है। बच्चे बहुत छोटी उम्र में ही स्कूल जाना शुरू कर देते हैं। बहुत से माता-पिता काम पर चले जाते हैं। जो थोड़ा-बहुत समय वे साथ होते भी हैं, वह भी टीवी-कंप्यूटर या फोन पर चला जाता है। बहुत से परिवारों में बच्चे और माता-पिता अजनबियों की तरह अपनी-अपनी जिंदगी जीते हैं। आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में परिजनों से आपस में बात करने में जो खुशी और आनंद मिलता है, उसकी कल्पना शब्दों में नहीं की जा सकती। परिजनों से बात करने का सुख अब विरलों को ही मिल पाता है। इससे तनाव कम होने के साथ विभिन्न पारिवारिक दिक्कतों और समस्याओं का एक ही जाजम पर हाथों हाथ निपटारा हो जाता है। परिवार मर्यादा और आदर्श का जीवंत उदाहरण है। यह सामाजिक संगठन की मौलिक इकाई है। परिवार के अभाव में मानव समाज का अस्तित्व नामुमकिन है। फैमिली की बुनियाद उनके बीच का प्यार है, जो सबको एक साथ जोड़ कर रखता है। अक्सर देखा जाता है परिजन रहते एक छत के नीचे हैं, मगर उनमें आपसी बातचीत नहीं हो पाती है। इससे परिवार में घुटन और तनाव के साथ असुरक्षा का भाव रहता है। यदि एक दिन में एक घंटे भी परिजन साथ बैठकर बातचीत कर लें तो परिवार की खुशियां द्विगुणित हो सकती हैं। हमारा देश भारत, विश्व में परिवार मर्यादा और आदर्श का जीवंत उदाहरण है। यह सामाजिक संगठन की मौलिक इकाई है। परिवार के अभाव में मानव समाज का अस्तित्व नामुमकिन है। पहले मानव एक कबीले के रूप में रहता था। सभ्यता और संस्कृति के विकास के साथ परिवार की परिभाषा भी बदलती गई। आज संयुक्त परिवार भी विघटन के कगार पर है। लोग एकाकी रहने लगे है। सियासी प्रगति की अंधी दौड़ में हमने दुनिया को अवश्य अपनी मुट्ठी में कर लिया है, मगर परिवार नामक संस्था से विमुख होते जा रहे हैं। इसी का नतीजा है कि देश में पारिवारिक समस्याएं बढ़ती जा रही हैं, जिसका खामियाजा बच्चे से बुजुर्ग तक को उठाना पड़ रहा है। एक ही परिवार में धीरे-धीरे एक-दूसरे से आपसी बातचीत बंद होने से अनेक समस्याएं उठ खड़ी हुई हैं। समय रहते बातचीत का रास्ता नहीं खुला तो तनाव, घुटन और अवसाद का सामना करना पड़ सकता है। बातचीत और आपसी संवाद खुशियों का खजाना हैं जिससे मरहूम होना किसी भी परिवार के लिए संभावित व्याधि को आमंत्रित करना है। महानगरीय संस्कृति ने परिवार व्यवस्था को मटियामेट करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है फलस्वरूप मानव को अनेक संकटों का सामना करना पड़ रहा है। विशेषकर परिवार विघटित होने से समाज व्यवस्था गड़बड़ाने लगी है।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# सत्य में ऐसी शक्ति जो आपको सौ झूठ से बचाए



संकलित

**दर्शन**

संसार में सत्य को सबसे सुंदर कहा गया है। हमारे शास्त्र भी कहते हैं कि सत्य के लिए किसी से भी संघर्ष करने के लिए स्वयं को सदैव तत्पर रखना चाहिए। एक सत्य ही तो है, जो मनुष्य को सौ झूठ बोलने से बचा लेता है। सत्य की ऐसी महत्ता-महिमा होते हुए भी संप्रति संसार में असत्य का बोलबाला बढ़ा है। हालांकि, असत्य का आश्रय लेने वालों को सदैव यह स्मरण रखना चाहिए कि अंत में विजय सत्य के खेमे का ही वरण करती है। वास्तव में जहां सत्य है, वहीं धर्म है और जहां धर्म वहीं विजय है। यदि हमारी जीवन रूपी इमारत सत्य रूपी नींव पर खड़ी होगी तभी हम उसे निरंतर ऊंचाई प्रदान करते हुए उसकी प्रकृति को संरक्षित रख पाएंगे। सत्य के महत्व पर बुद्ध ने कहा कि सत्य को छोड़कर जो असत्य बोलता है, धर्म का उल्लंघन करता है, परलोक की जिसे चिंता नहीं है, वह व्यक्ति बड़े से बड़ा पाप कर सकता है। इसलिए असत्य का परित्याग ही श्रेयस्कर है। मनीषी कहते हैं कि 'मनसा वाचा कर्मणा' यानी मन, वचन और कर्म से सत्य बोलना चाहिए। जो विचार मन में हों वही वाणी में भी होने चाहिए और उसी के अनुरूप ही मनुष्य का व्यवहार भी होना चाहिए। इसमें कोई संदेह नहीं कि मन, वचन और कर्म से अलग रहने वाले पूर्णरूपेण सत्य का आचरण नहीं कर सकते।गांधी जी जैसे महामानव सत्य को निरपेक्ष सत्य के रूप में ग्रहण करते हैं। सत्य को ईश्वर का पर्यायवाची बताते हैं। उसे अपनी नीति का अहम अवयव मानते हैं। इसी सत्य के प्रति निष्ठावान हैं।

# जिसका भी मनोबल जागा



संकलित

**प्रेरणा**

राजा सुकीर्ति के पास एक लौहश्रुन्ध नामक हाथी था। राजा ने कई युद्ध में उसपर चढ़ाई करके विजय पायी थी। बचपन से ही उसे इस प्रकार से तैयार किया गया था कि युद्ध में शत्रु सैनिको को देखकर वो उनपर इस तरह टूट पड़ता। समय गुजरता गया, अब वह पहले की तरह कार्य नहीं कर पाता था। इसलिए अब राजा उसे युद्ध क्षेत्र में भी नहीं भेजते थे। वह सिर्फ हाथी शाला की शोभा बन कर रह गया। एक दिन वह सरोवर में जल पीने के लिए गया, लेकिन वहीं कीचड़ में उसका पैर धंस गया और फिर धंसता ही चला गया। हाथी के फंसने का समाचार राजा तक भी पहुँचा। राजा समेत सभी लोग हाथी के आसपास ईकट्ठे हो गए और विभिन्न प्रकार के प्रयत्न उसे निकालने के लिए करने लगे। लेकिन बहुत देर तक प्रयास करने के उपरांत कोई मार्ग नहीं निकला। तभी गौतम बुद्ध मार्गभ्रमण कर रहे थे। राजा और सारा मंत्रीमंडल तथागत गौतम बुद्ध के पास गये और अनुरोध किया। गौतम बुद्ध ने सबसे पहले घटनास्थल का निरीक्षण किया। और फिर राजा को सुझाव दिया कि युद्ध का माहौल बनाया गया, वाद्ययंत्र मंगवाए गए। नगाड़े बजवाये गए और ऐसा माहौल बनाया गया कि शत्रु सैनिक लौहश्रुन्ध की ओर बढ़ रहे है। और फिर तो लौहश्रुन्ध में एक जोश आ गया। गले तक कीचड़ में धस जाने के बावजूद वह जोर से चिंघाड़ लगाकर सैनिको की ओर दौड़ने लगा। बड़ी मुश्किल से उसे संभाला गया। गौतम बुद्ध ने सबको स्पष्ट किया कि हाथी की शारीरिक क्षमता में कमी नहीं थी, आवश्यकता मात्र उसके अंदर उत्साह के संचार करने की थी।

## माघ मेला



उत्तर प्रदेश के प्रयागराज संगम पर माघ मेला उत्सव के दौरान एक भक्त गुरुवार को सर्दियों की धुंधली सुबह में पूजा करते हुए।

## आज की पाती

### बांग्लादेश में हिंदुओं की सुरक्षा कैसे हो?

बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर जो अत्याचार हो रहे हैं, वो हिंदुओं पर नहीं, बल्कि मानवता पर अत्याचार हो रहे हैं। इसके लिए वैसे तो सारी दुनिया को आगे आना चाहिए, लेकिन सवाल तो यह है कि बांग्लादेश में हिंदुओं की हत्या का जो घिनौना काम हो रहा है, उसके लिए भारत सरकार क्यों सख्त कदम नहीं उठा रही है? भारत सरकार को चाहिए कि वो वहां से हिंदुओं को सुरक्षित निकालने के उचित इंतजाम करे और सीएए अर्थात नागरिकता संशोधन अधिनियम के तहत इन्हें भारत में शरणार्थी बनाएं। दूसरी चीज, इस मुद्दे को जल्दी से जल्दी अंतरराष्ट्रीय मंच पर रखे और संयुक्त राष्ट्र संघ को वहां एक टीम गठित करने की मांग भारत सरकार को करनी चाहिए, लेकिन सवाल तो यह भी है कि क्या अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ऐसी स्थिति से निपटने के लिए कोई नियम नहीं है क्या? – *वीरेंद्र पाटिल, भिलाई*

## करंट अफेयर

# वीजा पर लगाई गई रोक, कार्य वीजा व पयर्टन पर लागू नहीं


अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन द्वारा बांग्लादेश और पाकिस्तान समेत ''उच्च-जोखिम' वाले 75 देशों के लोगों के लिए प्रवासी वीजा पर लगाई गई ताजा रोक पर्यटक या कार्य वीजा पर लागू नहीं होती और इसका असर उन लोगों पर पड़ेगा जो अमेरिका में स्थायी रूप से रहना चाहते हैं। अमेरिका ने पाकिस्तान, बांग्लादेश, नेपाल, ईरान, इराक और रूस सहित 75 देशों के नागरिकों के लिए प्रवासी वीजा जारी करने की प्रक्रिया पर रोक लगाने की बुधवार को घोषणा की। उसने कहा कि इन देशों से आने वाले प्रवासी अमेरिकी लोगों की कल्याणकारी योजनाओं का 'अस्वीकार्य दरों' पर लाभ लेते हैं। प्रवासियों पर ट्रंप प्रशासन की सख्ती के तहत उठाया गया यह ताजा कदम उन विदेशियों के प्रवेश पर अंकुश लगाने के लिए है जिनके अमेरिका में रहते हुए सार्वजनिक लाभों पर निर्भर रहने की आशंका है। अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा, 'राष्ट्रपति ट्रंप ने स्पष्ट कर दिया है कि प्रवासियों को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर होना चाहिए और अमेरिकियों पर वित्तीय बोझ नहीं बनना चाहिए। विदेश मंत्रालय सभी नीतियों, विनियमों और दिशानिर्देशों की पूर्ण समीक्षा कर रहा है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि उच्च-जोखिम वाले इन देशों से आने वाले प्रवासी अमेरिका में कल्याणकारी योजनाओं का उपयोग न करें।'



## ऑफ बीट

# चैटजीपीटी को धन्यवाद देना क्या ऊर्जा बर्बाद करना है

यदि आप अगली बार चैटजीपीटी से सवाल करते समय "कृपया" और "धन्यवाद" शब्द हटा देंगे, तो आप अपने 'पृथ्वी' ग्रह को बचाने में मदद करेंगे। ऑनलाइन बातचीत में कहा जाता है कि चैटजीपीटी से सवाल करते समय "कृपया" और "धन्यवाद" शब्द का उपयोग न करने का मतलब 'पृथ्वी' को बचाने में मदद करना है। यह विचार सुनने में कुछ हद तक सही लगता है क्योंकि एआई सिस्टम टेक्स्ट को क्रमिक रूप से प्रोसेस करते हैं : लंबा प्रॉम्प्ट अधिक कम्प्यूटेशन मांगता है इसलिए अधिक ऊर्जा खर्च होती है। ओपनएआई के सीईओ सैम ऑल्टमैन ने भी माना है कि अरबों प्रॉम्प्ट के पैमाने पर यह ऑपरेटिंग लागत बढ़ाता है। फिर भी, यह कहना कि एआई को शिष्टाचार के साथ इस्तेमाल करने से पर्यावरण पर महत्वपूर्ण असर पड़ता है, सही नहीं है। कुछ अतिरिक्त शब्दों का असर उस ऊर्जा की तुलना में नगण्य है जो डेटा सेंटर के संचालन में लगता है। एआई का वास्तविक पर्यावरणीय प्रभाव कृत्रिम बुद्धिमत्ता बड़े डेटा सेंटर पर निर्भर करती है, जिनमें उच्च-घनत्व कंप्यूटिंग अवसंरचना होती है। ये केंद्र भारी बिजली का उपयोग करते हैं, लगातार ठंडे रखे जाते हैं, और ऊर्जा आपूर्ति, जल और भूमि उपयोग जैसे व्यापक सिस्टम में जुड़े होते हैं।




## ट्रेंड

### युवाओं का योगदान



भारत का भविष्य ऐसे युवाओं पर निर्भर है जो वैज्ञानिक सोच रखते हों, ज़िम्मेदारी से कार्य करें और निःस्वार्थ भाव से सेवा करें। मेरा सभी युवाओं से अनुरोध है कि आप जो भी कार्य चुनें, यह सुनिश्चित करें कि आपका योगदान राष्ट्र को सुदृढ़ बनाएगा और मानवीय मूल्यों को मजबूत करेगा।

- द्रौपदी मुर्मू, राष्ट्रपति

### स्त्री सम्मान-समृद्धि योजना



नारी शक्ति का विकास कहने से नहीं, उन्हें सच्चा प्रतिनिधित्व देने से होगा। हम 'आधी आबादी' अर्थात हर बच्ची, युवती, नारी, महिला को सामाजिक-आर्थिक रूप से समान सम्मान देने के लिए 'स्त्री सम्मान-समृद्धि योजना' लाएंगे।

- डिंपल यादव, सांसद, सपा

### 'फीता काटने' का इंतजार



जयपुर में आने वाली बसों का ट्रैफिक शहर से बाहर ही रोकने के लिए बनाया हीरापुरा सैटेलाइट बस टर्मिनल पिछले 2 साल से बनकर तैयार है, लेकिन सरकार के 'फीता काटने' के इंतजार में ताला बंद पड़ा है।

- अशोक गहलोत, पूर्व सीएम, राजस्थान

### विरासत ध्वस्त



भोंडे सौंदर्यीकरण और व्यवसायीकरण के नाम पर आपने बनारस के मणिकर्णिका घाट में बुलडोजर चलवाकर सदियों पुरानी धार्मिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत को ध्वस्त करा दिया है। आप चाहते हैं कि इतिहास की हर धरोहर को मिटाकर बस अपना नेम-प्लेट चिपका दिया जाएँ।

-मल्लिकार्जुन खरगे, अध्यक्ष, कांग्रेस

हमारा पता

हरिभूमि कार्यालय

रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइट: www.haribhoomi.com

आनंद का सच्चा भाव®

| | |
|---|---|
| 18 कैरेट रेट* (75.00%) | = ₹106433/- |
| 22 कैरेट रेट* (91.60%) | = ₹129990/- |
| 24 कैरेट रेट* (99.99%) | = ₹141896/- |

सोने का भाव* प्रति 10 ग्राम | GST Extra

anand® Jewels
Pandri, Raipur
*Conditions apply

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, शुक्रवार 16 जनवरी 2026

इंटरनेशनल स्टेडियम में इस बार तय दर पर ही बिकेगी खान-पान की चीजें

## भारत-न्यूजीलैंड मैच, विद्यार्थियों के लिए टिकट 800 रुपए, प्लेटिनम 12500, फूड तय दरों पर, वेंडर्स की टी शर्ट में चस्पा होगी रेट लिस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर


खास खबर

छत्तीसगढ़ के नया रायपुर स्थित शहीद वीर नारायण सिंह अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में भारत और न्यूजीलैंड के बीच 23 जनवरी को खेले जाने वाले मैच के लिए टिकटों की बिक्री 15 जनवरी की शाम 7 बजे से शुरू हो गई। टिकटों की बिक्री के लिए बीसीसीआई ने छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ (सीएससीएस) को ऑफिशियल पार्टनर नियुक्त किया है। इसे देखते हुए संघ ने टिकटों की बिक्री के लिए विंडो भी खोल दिए हैं। इसी के साथ टिकटों की बिक्री भी शुरू हो गई। इधर स्टेडियम के अंदर ओवररेट पर फूड सामग्री की बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए ▶▶| शेष पेज 4 पर

### 50 हजार टिकट बिक्री की संभावना

*वीरनारायण सिंह स्टेडियम में 50 हजार दर्शकों के बैठने की क्षमता है। इसके बाद भी पिछली बार 48 हजार टिकटों की बिक्री ही विंडो के माध्यम से कराई गई थी, लेकिन इस बार भारत का न्यूजीलैंड के साथ मैच है। इस मैच को लेकर दर्शकों में भारी उत्साह है। संभावना जताई जा रही है कि इस बार 50 हजार टिकटों की बिक्री कराई जा सकती है।*

भारत-न्यूजीलैंड के बीच पहला अंतर्राष्ट्रीय टी-20 मैच 23 को, 15 जनवरी की शाम 7 बजे से टिकटों की बिक्री शुरू



### पानी की रहेगी विशेष व्यवस्था

संघ के डायरेक्टर ने बताया कि स्टेडियम में दर्शकों के लिए निःशुल्क पानी की व्यवस्था भी रहती है, लेकिन पिछले मैचों में देखा गया है कि स्टेडियम में फूड की दुकानें लगाने वेंडर ही बंद बोतल पानी बेचने के लिए नलों को बंद कर देते हैं। इस बार इस पर विशेष निगरानी रखी जाएगी, ताकि कोई भी नल बंद नहीं कर पाए। इससे दर्शकों को पानी खरीदना नहीं पड़ेगा।

### टिकटों की तय दरें

- 800 रुपए स्टूडेंट टिकट (अपर-3 स्टैंड) एंट्री गेट-3
- 2000 रुपए (अपर-2, अपर-4स्टैंड) गेट नंबर 2-4
- 2500 रुपए (लोवर 2,4, 7,9स्टैंड) अपर-1, 5, 6, 10 स्टैंड, गेट-2,3,5, 6, 9, 10
- 3000 रुपए (लोअर-5 एवं 6 स्टैंड) गेट-6, 8, 11
- 3500 रुपए (लोअर-10ए) लोअर-10बी स्टैंड, गेट-11
- 7500 रुपए (सिल्वर चौथी मंजिल-बुफे के साथ) गेट नंबर-12
- 10000 रुपए (गोल्ड दूसरी मंजिल बुफे के साथ) गेट-12
- 12500 रुपए (प्लेटिनयम पहली मंजिल बुफे के साथ) गेट-15
- 25000 रुपए (कॉर्पोरेट बाक्स बुफे के साथ) गेट नंबर 12, 15

#### इन कीमतों पर बिकेगी फूड सामग्री

*समोसा-50, सैंडविज सिंगल 60, बर्गर 80, पफ 50, पॉपकार्न 60, पॉनकार्न टब 100, पिज्जा 250, स्टीम मोमो वेज 150, स्टीम मोमो चिकन 200, पिज्जा 200, पैकिंग चीजें जैसे आइस्क्रीम, चिप्स, पानी सहित अन्य चीजें प्रिंट मूल्य पर मिलेंगी।*

भारतीय छात्रों की आज ईरान से हो सकती है भारत रवानगी

## ईरान से भारतीयों के लिए ऑपरेशन वतन वापसी आज से, छग के 10 मुंबई में फंसे

ईरान में जारी विरोध प्रदर्शन के बीच तनाव जारी है। एक तरफ ईरान के अंदर तनाव है तो खामनेई सरकार को बाहर से अमेरिका की संभावित सैन्य कार्रवाई का भी डर सता रहा है। ईरान ने गुरुवार को बिना किसी स्पष्टीकरण के अपने हवाई क्षेत्र को 5 घंटों तक बंद रखा, वहीं अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि उन्हें आश्वासन दिया गया है कि ईरानी प्रदर्शनकारियों की हत्याएं रोक दी गई हैं। इस बीच, ईरान में फंसे भारतीयों को लाने के लिए केंद्र सरकार वतन वापसी चलाएगी। तेहरान से कल 16 जनवरी को भारत के लिए पहली फ्लाइट उड़ान भर सकती है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

तेहरान समेत अन्य इलाकों में जारी सरकार विरोधी प्रदर्शनों के चिंताजनक माहौल में यातायात के किसी भी साधन की मदद से जल्द से जल्द भारतीयों को ईरान छोड़ने को लेकर दिए गए सख्त परामर्श के तुरंत बाद भारत की सरकार ने अपने नागरिकों को सुरक्षित बाहर निकालने की प्रक्रिया से जुड़ी तैयारियों का आगाज कर दिया है। बहुत संभव है कि शुक्रवार (16 जनवरी) को पहले बैच की स्वदेश रवानगी हो सकती है। सूत्रों ने बताया कि तेहरान में मौजूद भारतीय दूतावास ने ईरान के अलग-अलग भागों में रह रहे भारतीय छात्रों से व्यक्तिगत रूप से संपर्क करने की शुरुआत की है। ▶▶| शेष पेज 4 पर

### छात्रों ने बताई पैसे खत्म होने की पीड़ा

दरअसल, उक्त परामर्श के बाद ईरान में मेडिकल की पढ़ाई कर रहे 100 के करीब छात्रों ने अपने अभिभावकों से पैसे खत्म होने की शिकायत की थी। जिसके बाद अभिभावकों ने भारतीय दूतावास और केंद्र सरकार से छात्रों से देश वापसी में मदद करने की मांग की है। दूसरी ओर सरकार ने अभी तक इस बाबत आधिकारिक रूप से कोई घोषणा या किसी अभियान के बारे में नाम सहित जानकारी नहीं दी है। लेकिन हो सकता है कि जल्द ही इस संबंध में कोई जानकारी सामने आए।



### जयशंकर ने अब्दुल्ला को दिया आश्वासन

वहीं, इस मामले पर विपक्ष की तरफ से भी सत्ता पक्ष से भारतीयों की सुरक्षित वापसी की मांग की जा रही है। जिसमें गुरुवार को जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने विदेश मंत्री डॉ .एस. जयशंकर से बात कर प्रदेश के छात्रों की सुरक्षित वापसी की मांग की है। जिसे लेकर जयशंकर ने उन्हें यह आश्वासन दिया है कि केंद्र सरकार मामले में ईरान में फंसे हुए अपने नागरिकों की सुरक्षा के लिए हर जरूरी कदम उठा रही है।

### न्यूयार्क जा रहे छग के यात्री मुंबई में फंसे, 2 घंटे उड़ान के बाद तड़के 4 बजे वापस उतारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

ईरान द्वारा अपना एयरस्पेस बंद किए जाने का असर छत्तीसगढ़ के हवाईयात्रियों पर भी पड़ा है। मुंबई से न्यूयार्क जाने वाली फ्लाइट तेहरान होकर गुजरती है। छग के 8-10 यात्रियों ने मुंबई पहुंचने के बाद बुधवार मध्यरात्रि पश्चात गुरुवार रात्रि 2 बजे उड़ान भरी। उड़ान भरने के एक घंटे बाद पायलट को ईरान द्वारा अपना एयरस्पेस बंद करने की सूचना प्राप्त हुई। पायलट ▶▶| शेष पेज 4 पर

#### इधर, एयरलाइंस ने कहा- रूट बदलना संभव नहीं

*एयर इंडिया और इंडिगो ने पैसेंजर्स के लिए एडवाइजरी जारी की है। एयर इंडिया ने कहा, ईरान में बन रहे हालात के कारण एयर स्पेस बंद कर दिया गया है। हमारे लिए यात्रियों की सुरक्षा पहली प्राथमिकता है। एयर इंडिया की* ▶▶| शेष पेज 4 पर

## गणतंत्र दिवस पर इस बार सीएम साय बिलासपुर में फहराएंगे तिरंगा, रायपुर में राज्यपाल





हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय इस बार गणतंत्र दिवस पर बिलासपुर में ध्वजारोहण करेंगे। खास बात ये है कि मुख्यमंत्री पहली बार यहां तिरंगा फहराएंगे। अब से पहले गणतंत्र दिवस पर मुख्यमंत्री बस्तर में ध्वजारोहण करते रहे हैं। इधर राजधानी रायपुर में राज्यपाल ध्वजारोहण करेंगे।

राज्य में बरसों से 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस और 26 जनवरी गणतंत्र दिवस पर ध्वजारोहण एक परंपरा के मुताबिक किया जाता है। इस बार मुख्यमंत्री द्वारा बिलासपुर में ध्वजारोहण किया जाना एक नई शुरुआत के ▶▶| शेष पेज 4 पर

### राजधानी रायपुर में ऐसी तैयारी

सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा पूर्व में जारी सामान्य निर्देश में कहा गया है कि राज्य स्तर पर (राजधानी रायपुर में) गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन स्थानीय पुलिस परेड ग्राउण्ड में प्रातः 9.00 बजे से निर्धारित समयानुसार आयोजित किया जाएगा। यहां राज्यपाल द्वारा ध्वजारोहण एवं परेड की सलामी लेंगे। इसके बाद परेड के कार्यक्रम विधिवत आयोजित होंगे। परेड में बीएसएफ, सीआरपीएफ, सीआईएसएफ, आईटीबीपी, एसएसबी, छ.ग. ▶▶| शेष पेज 4 पर

## हरिभूमि-आईएनएच का जिला संवाद-2026 आज



*प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी राज्य सरकार के दो वर्ष व कोरबा के विकास पर करेंगे जनप्रतिनिधियों के साथ संवाद*



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोरबा

राज्य सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने पर जिले के विकास में कारगर हो रही योजनाओं, विकास कार्यों और समस्याओं पर विस्तार से चर्चा एवं मंथन के उद्देश्य से हरिभूमि और आईएनएच द्वारा जिला संवाद 2026 कार्यक्रम का आयोजन 16 जनवरी को किया गया है। इस कार्यक्रम में जिले के चारों विधानसभा से निर्वाचित जनप्रतिनिधि के अलावा राज्य में सत्तारुढ़ भारतीय जनता पार्टी के मंत्री व विपक्षी दल कांग्रेस के पूर्व मंत्री, जिला पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि शामिल होंगे। इस दौरान हरिभूमि व आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी जिले के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करने वाले विकास कार्यों और अन्य समस्याओं पर संवाद करेंगे।

हरिभूमि व आईएनएच द्वारा आयोजित जिला संवाद 2026 कोरबा का आयोजन 16 जनवरी शुक्रवार को शाम 4 बजे बाईपास रोड राताखार स्थित जश्न रिसॉर्ट में किया जाएगा। कार्यक्रम में उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन, पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल, कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल, पाली तानाखार विधायक ▶▶| शेष पेज 4 पर

आत्मसमर्पण करने वालों में 21 महिला और 31 पुरुष

## 52 नक्सलियों का सरेंडर, करीब 1.41 करोड़ रुपए का था इनाम




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

खास खबर

बीजापुर जिले में नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई में सुरक्षाबल के जवानों को बड़ी सफलता मिली है। नक्सलवाद का रास्ता छोड़कर 52 माओवादियों ने गुरुवार को सरेंडर कर दिया है। सरेंडर करने वाले नक्सलियों के सिर पर 1 करोड़ 41 लाख रुपए का इनाम घोषित था। 21 महिला और 31 पुरुष नक्सलियों ने सरेंडर किया है।

शासन की पूना मारगेम पुनर्वास से पुनर्जीवन नीति के तहत दक्षिण सब जोनल ब्यूरो से जुड़े 52 माओवादी ने हिंसा और जनविरोधी विचारधारा का त्याग कर समाज की मुख्यधारा में लौटने का निर्णय लिया। इन कैडरों पर उनके ▶▶| शेष पेज 4 पर

### साय बोले-बंदूक के नहीं विकास के साथ है भविष्य

*मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इसे हिंसा की विचारधारा पर विश्वास की निर्णायक विजय बताया। उन्होंने कहा कि पिछले 48 घंटों में कुल 81 नक्सलियों का आत्मसमर्पण इस बात का स्पष्ट संकेत है कि माओवाद अब केवल कमजोर नहीं पड़ रहा, बल्कि पूरी तरह बिखर रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बस्तर में अब माओवादी संगठन के साथ-साथ उसकी विकृत विचारधारा और उसका पूरा सपोर्ट सिस्टम भी ध्वस्त हो चुका है। जहां कभी भय, भ्रम और दबाव का माहौल था, वहां अब शासन की सशक्त उपस्थिति, सुरक्षा बलों की सक्रियता और विकास योजनाओं की प्रभावी पहुंच ने लोगों में भरोसा पैदा किया है। 'पुनर्वास से पुनर्जीवन' अभियान के तहत सरकार उन सभी भटके युवाओं को सम्मानजनक जीवन, सुरक्षा और आजीविका के अवसर उपलब्ध करा रही है, जो हिंसा छोड़कर समाज की मुख्यधारा में लौटना चाहते हैं, और यह व्यापक आत्मसमर्पण उसी भरोसे का प्रत्यक्ष प्रमाण है।*

भारत मौसम विभाग ने दो दिनों के लिए जारी किया पूर्वानुमान

## छग समेत 10 राज्यों में कोहरे के साथ शीतलहर!

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली/रायपुर

खास खबर

उत्तर भारत सहित देश के कई राज्यों में इन दिनों कड़ाके की ठंड पड़ रही है। भारत मौसम विभाग के मुताबिक, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, पश्चिम उत्तर प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, झारखंड और ओडिशा में अगले 2 दिनों तक शीतलहर की स्थिति बनी रहेगी।

आईएमडी के अनुसार, उत्तर-पश्चिम भारत और बिहार में अगले 5 दिनों तक घना से बहुत घना कोहरा सुबह और रात के समय जारी रहेगा। कोहरे की वजह से विजिबिलिटी यानी दृश्यता बहुत कम हो सकती है, जिसका असर सड़क, रेल और हवाई यातायात पर भी देखने को मिल सकता है। कोहरे के कारण एक ▶▶| शेष पेज 4 पर



### घने कोहरे की चेतावनी

आईएमडी ने पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ और उत्तराखंड में 17 जनवरी तक घने से बहुत घना कोहरा छाए रहने की संभावना जताई है। उसके बाद 22 जनवरी तक पंजाब-हरियाणा-चंडीगढ़ में और 20 जनवरी तक उत्तराखंड में अलग-अलग इलाकों में घना कोहरा रहेगा। वहीं, पश्चिम उत्तर प्रदेश में 18 जनवरी तक और पूर्वी उत्तर प्रदेश में 19 जनवरी तक घना कोहरा जारी रहेगा।

### इन राज्यों में कोल्ड डे

पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ के कुछ इलाकों में अगले 2 दिनों तक कोल्ड डे की स्थिति बनी रहेगी। 16 और 17 जनवरी को हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली और ओडिशा के अलग-अलग इलाकों में शीतलहर का दौर जारी रहेगा। वहीं, राजस्थान, छत्तीसगढ़ और झारखंड में 16 जनवरी को भी यह स्थिति देखी जा सकती है।

### बारिश और बर्फबारी की भी संभावना

मौसम विभाग के मुताबिक, जम्मू-कश्मीर-लद्दाख-गिलगित-बाल्टिस्तान-मुजफ्फराबाद, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में 16 से 21 जनवरी तक हल्की से मध्यम बारिश या बर्फबारी हो सकती है। पंजाब में 18-20 जनवरी, हरियाणा, चंडीगढ़ और पश्चिम उत्तर प्रदेश में 18-19 जनवरी को कुछ जगहों पर हल्की बारिश या बूंदाबांदी संभव है। मौसम पूर्वानुमान एजेंसी स्काईमेट के मुताबिक, एक नया पश्चिमी विक्षोभ यानी वेस्टर्न डिस्टर्बेंस 16 जनवरी से पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र को प्रभावित कर सकता है, जिसके असर से पहाड़ों पर भारी बर्फबारी की संभावना है।



रोचक / शिखर चंद जैन



# पट-पट उछलने-कूदने वाला पॉपकॉर्न!



बच्चो, पॉपकॉर्न यानी भुने हुए मकई के दाने। मकई के दाने भूनते समय तुमने देखा होगा, कैसे पट.. पट.. करके उछलते-कूदते हैं। इन्हें देखकर बहुत मजा आता है। ये भूनते समय इस तरह क्यों उछलते-कूदते हैं? इन्हें इस तरह कब से खाए जाने की शुरुआत हुई, इनका क्या है इतिहास, इसका नाम पॉपकॉर्न कैसे पड़ा? पॉपकॉर्न से जुड़ी रोचक जानकारियां।

बच्चो, पॉपकॉर्न एक ऐसा स्नैक्स है, जो टेस्टी होने के साथ-साथ हेल्दी भी होता है। हल्की-फुल्की भूख के लिए पॉपकॉर्न एक बेहतरीन ऑप्शन है। तुम्हारा यह पसंदीदा पॉपकॉर्न दुनिया भर में पॉपुलर है। क्या तुम्हें पता है, पॉपकॉर्न की पसंद और इसके हेल्थ बेनिफिट्स को सेलिब्रेट करने के लिए 'पॉपकॉर्न-डे' भी मनाया जाता है। बच्चो, हर साल 19 जनवरी को अमेरिका में 'नेशनल पॉपकॉर्न-डे' मनाया जाता है।

**नया नहीं है पॉपकॉर्न:** कॉर्न (मकई) के एक विशेष प्रकार, जिसका वैज्ञानिक नाम 'जिया मेज एवर्टा' है, से पॉपकॉर्न बनाया जाता है। यह मकई



इस मायने में अलग है कि इसका पेरिकार्प यानी छिलका मोटा होता है। पॉपकॉर्न बनाने की शुरुआत 5000 साल से भी पहले हो चुकी थी। पेरू में 6700 साल पहले भी पॉपकॉर्न खाए जाते थे, इस बात के भी प्रमाण मिले हैं।

**कब हुआ पॉपुलर:** 1885 में चार्ल्स क्रेटर्स द्वारा मोबाइल पॉपिंग कार्ट के आविष्कार के बाद से पॉपकॉर्न पॉपुलर हुआ। इसके बाद से पॉपकॉर्न आसानी से तैयार किए और खरीदे-बेचे जाने लगे। धीरे-धीरे यह बच्चों और बड़े सभी का फेवरेट स्नैक्स बनता गया। खाने के साथ-साथ पेड़-पौधों की सजावट में भी इसका इस्तेमाल किया जाने लगा। आज भी कई जगहों पर क्रिसमस ट्री को सजाने के लिए पॉपकॉर्न का इस्तेमाल किया जाता है।



**उछलता है इसलिए नाम पड़ा 'पॉप' कॉर्न:** पॉपकॉर्न के दानों में 14 प्रतिशत तक नमी होती है। जब इन दानों को गर्म किया जाता है, तो पानी भाप बन जाता है। यह भाप जब दाने से बाहर आने का प्रयास करती है तो दाना पट-पट की आवाज के साथ उछलता है और फूट जाता है। जिससे ये पॉपकॉर्न बन जाते हैं। फूटते समय पॉपकॉर्न 3 फीट (लगभग 1 मीटर) तक उछल सकता है। इसके उछलने की प्रवृत्ति के कारण ही इसे 'पॉप' कॉर्न कहते हैं।

**तरह-तरह के पॉपकॉर्न:** पॉपकॉर्न कई तरह के होते हैं। 'जिया मेज' की लगभग 25 विभिन्न किस्में हैं। इनमें से दो प्रमुख प्रकार हैं-राइस पॉपकॉर्न और पर्ल पॉपकॉर्न। मक्के की यह प्रजाति आमतौर पर छोटी होती है। इसके दाने का आवरण और बाहरी भ्रूणपोष बेहद सख्त होता है।

**दो तरह के मुख्य शेप:** पॉपकॉर्न मुख्य रूप से दो अलग-अलग शेप में फूटते हैं।

**स्नोफ्लेक:** यह आकार में बड़ा और ऊबड़-खाबड़ होता है। मूवी थिएटर में तुम यही पॉपकॉर्न खाते हो। यह दिखने में ज्यादा लगता है।

**मशरूम:** यह गोल और ठोस होता है। इसका इस्तेमाल तब किया जाता है, जब पॉपकॉर्न पर चॉकलेट या कैरेमल की परत चढ़ानी हो, क्योंकि यह आसानी से टूटता नहीं है।

**हेल्दी ब्रेकफास्ट है पॉपकॉर्न:** पॉपकॉर्न खाने में मजा तो आता ही है, यह हेल्थ के लिए भी अच्छा होता है। 19वीं सदी में इसे दूध और चीनी के साथ नाश्ते के रूप में खाया जाता था। आज भी इसे तरह-तरह से खाया जाता है। इसमें भरपूर फाइबर और एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं। साथ ही पॉपकॉर्न, मैंगनीज, फॉस्फोरस और जिंक का अच्छा स्रोत है। इसमें कैलोरी बेहद कम होती है और हार्मफुल ग्लूटेन नहीं पाए जाते। आजकल मल्टीप्लेक्स मूवी थिएटर्स में बड़े-बड़े स्टाइलिश डब्बों में तरह-तरह के मसालों से युक्त पॉपकॉर्न खूब बिकते हैं। *

### दुनिया का सबसे बड़ा पॉपकॉर्न बॉल

**बच्चो, क्या** तुम इमेजिन कर सकते हो कि एक पॉपकॉर्न बॉल कितना बड़ा हो सकता है? अमेरिका के आयोवा राज्य के सैक सिटी में साल 2016 में 9,370 पाउंड (लगभग 4250 किलोग्राम) वजन का पॉपकॉर्न बॉल बनाया गया। यह पॉपकॉर्न बॉल 24 फीट चौड़ी और 8 फीट से ज्यादा ऊंची है। इस पॉपकॉर्न बॉल का नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में शामिल है।

### माइक्रोवेव की खोज में मददगार बना पॉपकॉर्न

**बच्चो, एक** इंटरेस्टिंग फैक्ट यह है कि तुम्हारे घर में रखे माइक्रोवेव ओवन का आविष्कार पॉपकॉर्न की वजह से ही हुआ था। साल 1945 में पर्सी स्पेंसर नाम के वैज्ञानिक एक मशीन पर काम कर रहे थे। उन्होंने देखा कि हीट की वजह से उनकी जेब में रखे पॉपकॉर्न के दाने अचानक फूटने लगे। इसी से उन्हें माइक्रोवेव बनाने का आइडिया आया।

पेंगुइन अपनी अनोखी शारीरिक संरचना के लिए जाना जाता है। इनकी ज्यादातर प्रजातियां लुप्त होने की कगार पर हैं। पेंगुइन पर मंडराते खतरे के कारण इनके संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से प्रति वर्ष 20 जनवरी को 'पेंगुइन अवेयरनेस-डे' मनाया जाता है। जानो, पेंगुइन की कुछ प्रजातियों के बारे में।

# अजब-अनूठा पक्षी पेंगुइन

पक्षी जगत
मच्छिंद्र ऐनापुरे



पेंगुइन पक्षी का नाम सुनते ही हमारे दिमाग में एक प्यारे-से, काले-सफेद रंग का पक्षी आ जाता है, जो बर्फ पर मजेदार ढंग से मटकते हुए चलता है। बच्चो, दुनिया में पेंगुइन की अनेक प्रजातियां पाई जाती हैं। जानो, पेंगुइन की कुछ प्रजातियों के बारे में।

**एंपरर पेंगुइन:** यह पेंगुइन की दुनिया का राजा माना जाता है। एंपरर पेंगुइन सबसे बड़े आकार के पेंगुइन होते हैं। इनकी ऊंचाई लगभग 3 फीट 7 इंच होती है। वजन 35 से 40 किलो तक होता है। ये अत्यंत ठंडे इलाके अंटार्कटिका में रहते हैं। एंपरर पेंगुइन शानदार तैराक होते हैं, ये गहरे समुद्र में गोते लगाकर तैरते हैं।



**यलो-आइड पेंगुइन:** यह पेंगुइन न्यूजीलैंड में पाया जाता है। इसकी पीली-पीली आंखें और सिर पर पीली धारियां होती हैं। इसकी शारीरिक विशेषताओं के आधार पर ही इसका नामकरण हुआ है।

**किंग पेंगुइन:** एंपरर पेंगुइन से आकार में थोड़े छोटे और दुनिया के दूसरे सबसे बड़े आकार के पेंगुइन होते हैं-किंग पेंगुइन। इनके सिर के पास पानी की बूंद जैसा पीला निशान होता है। इनमें भी वे सभी विशेषताएं पाई जाती हैं, जो एंपरर पेंगुइन में होती हैं। ये भी अंटार्कटिका में पाए जाते हैं।

**रॉकहॉपर पेंगुइन:** इनकी आंखों के ऊपर सुंदर-सी भौंहें होती हैं। ये चट्टानों पर उछल-कूद करते हुए चलते हैं। रॉकहॉपर पेंगुइन की दो प्रमुख प्रजातियां पाई जाती हैं। पहली, नॉर्दन रॉकहॉपर, जिनकी भौंहें बड़ी और उभरी हुई होती हैं। दूसरी, सदर्न रॉकहॉपर, जिनकी भौंहें थोड़ी छोटी होती हैं।

**मैकरॉनी पेंगुइन:** इस पेंगुइन का नाम (खाने वाली डिश मैकरॉनी) बड़ा मजेदार है न! इसका चेहरा काला, चोंच नारंगी और माथे पर पीले रंग की सुंदर कलगी होती है। यही इसकी पहचान है।



**लिटिल पेंगुइन:** नाम जैसा, आकार वैसा! ये दुनिया के सबसे छोटे आकार के पेंगुइन होते हैं। इनकी ऊंचाई सिर्फ 12 से 13 इंच तक और वजन करीब 1.2 से 1.3 किलोग्राम तक होता है।

**गैलापैगोस पेंगुइन:** यह दुनिया की इकलौती पेंगुइन प्रजाति है, जो भूमध्य रेखा (इक्वेटर) के पास रहती है। यह गैलापैगोस द्वीप समूह में पाई जाती है।

**अफ्रीकन पेंगुइन:** ये पेंगुइन अफ्रीका महाद्वीप के दक्षिण अफ्रीका और नामीबिया देशों में पाए जाते हैं। इन पेंगुइन की आंखों के चारों ओर फर नहीं होते और छाती पर काली पट्टी होती है। *



### भारत में भी देखी जा सकती है पेंगुइन

**बच्चो, तुम** सोच सकते हो कि कि पेंगुइन सर्द प्रदेशों/स्थलों में पाया जाने वाला पक्षी है, इसे भारत जैसे गर्म देश में नहीं देखा जा सकता, लेकिन ऐसा नहीं है। तुम अपने देश में भी पेंगुइन को देख सकते हो। मुंबई के वीरमाता जीजाबाई भोसले प्राणी संग्रहालय (रानी का बाग) में 18 पेंगुइन देखे जा सकते हैं। ये हंबोल्ट प्रजाति के पेंगुइन हैं, जो मूल रूप से पेरू और चिली से लाए गए हैं। साल 2016 में यहां सिर्फ 8 पेंगुइन थे, अब उनकी संख्या बढ़कर 18 हो गई है।

कविता / फहीम अहमद

## मखमली धूप

ठिठुर रहे तन को लगती है
मखमल-सी जाड़े की धूप।
धीरे से मन को छू जाती
कोमल-सी जाड़े की धूप।
मीठे गीत सुनाती हमको,
कोयल-सी जाड़े की धूप।

सबके दिल में घर कर जाती
चंचल-सी जाड़े की धूप।
ठिठुरन वाले सन्नाटे में
हलचल-सी जाड़े की धूप।
जब छत पर लेटें तो ओढ़ें
कंबल-सी जाड़े की धूप।
नानी की गोदी, अम्मा के
आंचल-सी जाड़े की धूप।



## बूझो तो जानें





1
भूरा-काला रुई-सा हल्का
मैं नभ में उड़ता जाता।
बरसातों का दूत बनूं मैं
गड़-गड़ गड़-गड़ शोर मचाता।

2
सड़क नहीं, आकाश सवारी
पंख लगे, पर नहीं हूं चिड़िया।
लोगों को सुदूर पहुंचाऊं
वायु भांति मेरी गति बढ़िया।

3
बत्ती नहीं, न कोई तेल
रातों को कर देता जगमग।
ज्यों नींद खुले सूरज की
मैं छुप जाता चलकर डगमग।

- गौरीशंकर वैश्य विनम्र

उत्तर : 1.बादल, 2.हवाई जहाज, 3.जुगनू



## जीके क्विज-188

1. दृष्टिबाधित लोगों के लिए पहली ब्रेल लाइब्रेरी किस राज्य में खोली गई है?
2. भारतीय महिला हॉकी टीम का मुख्य कोच हाल ही में किसे नियुक्त किया गया है?
3. सर्वोच्च न्यायालय के वर्तमान मुख्य न्यायाधीश कौन हैं?
4. इन दिनों 53वें विश्व पुस्तक मेला का आयेजन किस शहर में किया जा रहा है?
5. सापेक्षता का सिद्धांत (थ्योरी ऑफ रिलेटिविटी) की खोज किसने की थी?
6. विश्व का सबसे घना जंगल कौन सा है?
7. लावणी किस राज्य का पारंपरिक लोकनृत्य है?
8. भारत में केसर का उत्पादन सबसे ज्यादा किस राज्य में होता है?
9. विश्व का सबसे बड़ा मरुस्थल कौन सा है?
10. 'डिस्कवरी ऑफ इंडिया' के लेखक कौन हैं?



बच्चो, जीके क्विज-188 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-187 का उत्तर :** 1.दीप्ति शर्मा, 2. जापान, 3.काम्या कार्तिकेयन, 4.सारनाथ, 5.सी. राजगोपालाचारी, 6.ओडिशा, 7.विटामिन-ए, 8.मुंबई से ठाणे, 9.नाइक्रोम, 10.तमिलनाडु

**जीके क्विज-187 का सही उत्तर देने वाले :** गौरव-कोरबा, कबीर-हिसार, ऊर्जस्वी-सारंगढ़ बिलाईगढ़, ज्योति-बैकुंठपुर, रमेश-रायगढ़, कोमल-रोहतक, शुभम-रायपुर, रौनक-दुर्ग, कमल-बिलासपुर, सुमन-रायगढ़, शिप्रा-महासमुंद



कहानी
हरीश कुमार अमित

मयंक और उसके दादा जी ने एक दिन शर्त लगाई, कौन कितने देर बिना बोले रह सकता है, जो पहले बोलेगा, तय शर्त के अनुसार हर्जाना भरेगा। मयंक को लगा दादा जी शर्त हार गए, जबकि दादा जी को लगा मयंक हारा। लेकिन वास्तव में शर्त कौन जीता?

# लग गई शर्त



मयंक बहुत बातूनी है। लंबी-लंबी बातें करना उसे अच्छा लगता है। थोड़ी देर तक भी बिना बोले रहना उसके लिए मुश्किल है। आज मयंक के स्कूल की छुट्टी थी। वह दादा जी के कमरे में उनके पास बैठा उनसे बातें कर रहा था। बातों-बातों में दादा जी ने मयंक से शर्त लगा ली, कौन ज्यादा देर तक बिना बोले रह सकता है। शर्त के अनुसार उन दोनों में से जो पहले बोलेगा, वह शर्त हार जाएगा। दादा जी ने यह भी कहा कि अगर खुद वे शर्त हार गए तो मयंक को रेस्टोरेंट ले जाकर मसाला डोसा खिलाएंगे। और अगर मयंक शर्त हार गया तो वह पिछले दिनों अपने जन्मदिन पर मिले चॉकलेट के डिब्बे से पांच चॉकलेट दादा जी को देगा।

शर्त लगने के बाद दादा जी और मयंक दोनों एक-दूसरे से इशारों-इशारों में ही बातें करने लगे। घर में उस समय और कोई मौजूद नहीं था। मयंक के मम्मी-पापा कहीं गए हुए थे, उन्हें शाम तक ही घर लौटना था। मयंक को पूरा विश्वास था, वह शर्त जीत जाएगा।

थोड़ी देर बाद दादा जी के मोबाइल फोन पर मयंक के पापा का फोन आया। पापा ने यह बताने के लिए फोन किया था कि वे लोग शाम को आठ बजे तक ही वापस आ पाएंगे। दादा जी ने पापा की बात तो सुन ली, लेकिन खुद जो कहना था, वह टेक्स्ट मैसेज में लिखकर भेज दिया। साथ ही चुप रहने की शर्त के बारे में भी लिख दिया ताकि फोन पर उनके बात न करने के कारण पापा को कुछ अटपटा न लगे। थोड़ी देर बाद मयंक का जी करने लगा कि कुछ बोला जाए, लेकिन शर्त के कारण उसने अपने आपको रोके रखा। कुछ देर बाद अचानक मयंक को दादा जी की आवाज सुनाई दी। दादा जी की आवाज सुनते ही वह जोर से बोल उठा, 'मैं जीत गया! मैं जीत गया!' 'जीत तो मैं गया हूं, बेटा। तुम पहले जो बोल पड़े हो।' दादा जी ने हंसते हुए कहा।

'जीता तो मैं हूं, दादा जी! पहले आपकी आवाज सुनाई दी है!' मयंक ने दादा जी की बात का खंडन किया।

'आवाज से क्या होता है? बोले तो पहले तुम ही हो! इसलिए मैं शर्त जीत गया हूं।' दादा जी ने हंसते हुए जवाब दिया।

'कैसे, दादा जी? पहले आप बोले, तभी तो आपकी आवाज सुनाई दी।' मयंक ने दादा जी को समझाना चाहा।

'लेकिन मैं पहले बोला ही नहीं था। मैंने तो यह वीडियो चलाया था, जिसमें मेरी आवाज है।' कहते हुए दादा जी ने अपने कुर्ते की जेब से अपना मोबाइल फोन निकाल कर वह वीडियो फिर से चला दिया। यह वही वीडियो था, जो मयंक ने उनके फोन पर कुछ दिन पहले बनाया था। इस वीडियो में दादा जी मयंक को एक कहानी सुना रहे थे।

'पर यह तो चीटिंग है, दादा जी!' मयंक ने विरोध जताया।

'इसमें चीटिंग की क्या बात है? तुम्हें मेरी असली आवाज और वीडियो से आ रही आवाज का अंतर समझना चाहिए था।' दादा जी मुस्कुराते हुए बोले।

दादा जी का यह तर्क सुनकर मयंक जवाब में कुछ न बोल सका। उसने अपनी हार मान ली और चुपचाप एक तरफ बैठ गया।

मयंक का उदास चेहरा देखकर दादा जी कुछ देर सोचते रहे और फिर हंसते हुए बोले, 'बेटा, मैं तो मजाक कर रहा था तुमसे! शर्त तो तुम ही जीत गए हो, क्योंकि मेरी आवाज पहले सुनाई दे गई थी। असल में सुबह से ही मेरा बहुत मन कर रहा था कि तुम्हारे साथ रेस्टोरेंट में जाकर गरमा-गरम मसाला डोसा खाया जाए। इसीलिए मैंने तुम्हारे साथ यह शर्त लगाई थी, और मैं जान-बूझकर शर्त हार भी गया ताकि मसाला डोसा खाने की मेरी इच्छा पूरी हो सके।' दादा जी के मुंह से यह सब सुनकर मयंक मन ही मन बहुत खुश हो गया। दादा जी आगे बोले, 'तुम्हारे मम्मी-पापा को तो कई घंटे बाद घर लौटना है। तब तक हम दोनों चलते हैं रेस्टोरेंट में मसाला डोसे का आनंद उठाने। तुम तैयार हो जाओ फटाफट।'

यह सुनकर मयंक के चेहरे की उदासी मिट गई और वह खुशी-खुशी दादा जी के साथ रेस्टोरेंट जाने के लिए तैयार होने लगा। उसे दादा जी के साथ मसाला डोसे का आनंद जो लेना था। *

तुम्हारे लिए नई किताब / समीर गांगुली

# रोचक-प्रेरक कहानी


बच्चो, दुनिया भर में बच्चों के लिए बहुत अच्छी-अच्छी किताबें लिखी जा रही हैं। ये किताबें तुम्हें जरूर पढ़नी चाहिए, क्योंकि ये तुम्हारा एक नए प्रकार का मनोरंजन करेंगी। इन किताबों को पढ़कर तुम जानोगे कि दुनिया कितनी मजेदार है, अद्भुत कल्पनाओं और रोमांच से भरी है। ऐसी ही एक किताब है 'स्टोरी ऑफ डॉक्टर डूलिटिल' यानी पशु भाषा विशेषज्ञ डॉक्टर डूलिटिल की कहानी। यह एक ऐसे डॉक्टर की कहानी है, जो था तो इंसानों का डॉक्टर, लेकिन जानवरों का इलाज करने लगा। यह डॉक्टर जानवरों की बोलियां समझता ही नहीं था, उनके साथ बात भी करता था। यह सब उसे पोलेसेनिया नाम के एक तोते ने सिखाया था। जब डॉक्टर डूलिटिल पशु-पक्षियों से बात करके उनकी समस्याओं को जानकर उनका इलाज करने लगा तो उसके सभी बीमार पशु-पक्षी जल्दी-जल्दी स्वस्थ होने लगे। इस तरह वह डॉक्टर, इंसानों के इलाज के लिए ही नहीं, पशु-पक्षियों के इलाज के लिए भी बहुत मशहूर हो गया। फिर डॉक्टर डूलिटिल को अफ्रीका से एक संदेश मिला कि वहां के बंदरों में एक जानलेवा बीमारी फैली है, जिससे वे तेजी से मर रहे हैं। फिर क्या था, डॉक्टर डूलिटिल अफ्रीका के लिए निकल पड़े। इसके बाद क्या हुआ, यह जानने के लिए बच्चो, तुम्हें इस किताब को पढ़ना होगा। इस किताब के लेखक हैं ह्यु लॉफ्टिंग, जिन्होंने सन 1920 में इसे लिखा था। यह किताब इतनी लोकप्रिय हुई कि डॉक्टर डूलिटिल की एक के बाद एक रोचक कहानियों वाली 12 किताबें प्रकाशित हुईं। इन पर कई फिल्में भी बनीं। दुनिया भर की अनेक भाषाओं में इन किताबों का अनुवाद भी हुआ है। ये किताबें विश्व बाल साहित्य की धरोहर हैं। *




**किताब :** पशु भाषा विशेषज्ञ डॉक्टर डूलिटिल की कहानी (फैंटेसी उपन्यास), **लेखक :** ह्यु लफ्टिंग, **अनुवाद :** आलोक कुमार, **मूल्य :** 199 रुपए, **प्रकाशक :** फ्लाईड्रीम्स पब्लिकेशंस, नई दिल्ली

## अंतर बताओ

बच्चो, यहां अपने क्यूट से डॉगी के साथ खड़ी लड़की के दो चित्र दिए गए हैं। एक जैसे दिख रहे इन चित्रों में छह अंतर हैं। तुम्हें तीन मिनट में ये छह अंतर खोजने हैं। तो देर किस बात की, फटाफट ये सभी छह अंतर खोजकर बताओ-



उत्तर: 1. बाईं तरफ लड़की के बालों की लट खुली हुई नहीं है। 2.लड़की के दाएं हाथ में ब्रेसलेट पहना हुआ है। 3.लड़की की टी-शर्ट पर फूल बना हुआ है। 4.लड़की का बायां हाथ खुला हुआ है। 5.डॉगी की आंखें बंद हैं। 6.डॉगी की जीभ अंदर है।

## गिनकर बताओ

बच्चो, यहां दो तरह की मछलियों के कई सारे चित्र दिए गए हैं। तुम गिनकर बताओ, किस मछली की संख्या कितनी है?



बिलासपुर
शुक्रवार 16 जनवरी 2026
माघ कृष्ण पक्ष त्रयोदशी
वर्ष : 25, अंक : 295
पृष्ठ : 12+6 = 18 मूल्य : 4.00***

मौसम
अधि. 28.2
न्यून. 13.4

# हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com


5 ➝ बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने नजमुल को ...

विचार पेज
भारत के लिए संभावनाएं और चुनौतियां




## आई-पैक छापेमारी मामले में सुप्रीम कोर्ट का आदेश

# ममता को बड़ा झटका, ईडी अफसरों के खिलाफ एफआईआर पर रोक

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल पुलिस को छापेमारी की कार्रवाई की सीसीटीवी फुटेज को सुरक्षित रखने का निर्देश दिया है। न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति विपुल पंचोली की पीठ ने मुख्यमंत्री बनर्जी, पश्चिम बंगाल सरकार, पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) राजीव कुमार और शीर्ष पुलिस अधिकारियों को ईडी की उन याचिकाओं पर नोटिस जारी किया है, जिनमें आई-पैक परिसर में छापेमारी में बाधा डालने के आरोप में उनके खिलाफ केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की जांच का अनुरोध किया गया है। पीठ ने कहा, हमें लगता है कि देश में कानून के शासन का पालन सुनिश्चित करने और प्रत्येक अंग को स्वतंत्र रूप से कार्य करने की अनुमति देने के लिए इस मुद्दे की समीक्षा करना आवश्यक है ताकि अपराधियों को किसी विशेष राज्य की कानून प्रवर्तन एजेंसियों की छत्रछाया में संरक्षण न मिल सके। उसने कहा, इसमें बड़े सवाल ▸▸शेष पेज 4 पर

*पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में पिछले दिनों आई-पैक के दफ्तर हुई ईडी रेड का मामला अब सुप्रीम कोर्ट पहुंच चुका है। ईडी ने बंगाल पुलिस अधिकारियों पर ममता सरकार की मदद करने का आरोप लगाते हुए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है और कोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट ने ईडी अफसरों पर दर्ज एफआईआर पर अगली सुनवाई तक रोक लगाते हुए नोटिस जारी किया है।*

### सिब्बल ने किया याचिका का विरोध

वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने मेहता की याचिका का विरोध करते हुए कहा कि पहले इस मामले की सुनवाई कलकत्ता उच्च न्यायालय में होनी चाहिए तथा उचित न्यायिक पदानुक्रम का पालन किया जाना चाहिए। उन्होंने दावा किया कि ईडी समानांतर कार्यवाही कर रही है। सिब्बल ने छापे की वीडियो रिकॉर्डिंग का भी हवाला दिया।

**क्या है मामला** ईडी ने 8 जनवरी को राजनीतिक परामर्श देने वाली कंपनी आई-पैक से जुड़े स्थानों पर छापेमारी की। कोयला तस्करी मामले से जुड़ी जांच के सिलसिले में साल्टलेक स्थित आई-पैक के कार्यालय और कोलकाता में उसके प्रमुख प्रतीक जैन के आवास पर ईडी के छापों के दौरान जांच एजेंसी के अधिकारियों को बाधाओं का सामना करना पड़ा था। जांच एजेंसी ने आरोप लगाया है कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी परिसर में दाखिल हुईं और जांच से संबंधित 'महत्वपूर्ण' साक्ष्य अपने साथ ले गईं। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय एजेंसी पर अधिकार क्षेत्र से बाहर जाने का आरोप लगाया है। और उनकी पार्टी तृणमूल कांग्रेस ने ईडी की जांच में 'बाधा डालने' के आरोप से इनकार किया है। राज्य पुलिस ने ईडी अधिकारियों के खिलाफ एक प्राथमिकी दर्ज की है।

*ईडी की याचिका पर ममता, पश्चिम बंगाल सरकार को नोटिस भेजा*



### ईडी ने क्या आरोप लगाया है?

सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने ईडी की ओर से पैरवी करते हुए अदालत में दावा किया कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने राज्य पुलिस के साथ मिलकर जांच के दौरान साक्ष्यों की 'चोरी' की है। इसके अलावा उन्होंने कहा कि ममता ने ईडी के एक अधिकारी का फोन भी ले लिया था। ईडी का आरोप है कि छापेमारी के दौरान मुख्यमंत्री खुद मौके पर पहुंचीं और जांच अधिकारियों के लैपटॉप, महत्वपूर्ण दस्तावेज और मोबाइल फोन जबरन छीन लिए। इस घटना को लेकर ईडी ने पश्चिम बंगाल के डीजीपी राजीव कुमार और कोलकाता पुलिस कमिश्नर मनोज कुमार वर्मा को तुरंत निलंबित करने और उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की है।

### कोर्ट के बड़े झटके

- कोलकाता में ईडी रेड के दौरान आई-पीएसी ऑफिस में सीएम ममता बनर्जी और पुलिस प्रशासन अधिकारियों के जाने और फाइलें आदि ले जाने पर सुप्रीम कोर्ट ने माना कि जांच एजेंसी के काम में दखल हुआ।
- सुप्रीम कोर्ट ने ईडी अधिकारियों पर दर्ज चार एफआईआर की कार्यवाही पर रोक लगा दी
- कोर्ट ने कहा कि राज्य सरकार की एजेंसियों को केंद्रीय जांच में हस्तक्षेप करने का अधिकार नहीं है
- कोर्ट ने सरकार और राज्य पुलिस अधिकारियों को नोटिस जारी कर दो सप्ताह में जवाब दाखिल करने का आदेश दिया

# गुजरात में पांच लाख, महाराष्ट्र में चार लाख, छग में सिर्फ 25 हजार घरों में लगे सोलर पैनल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना में देशभर के राज्यों में गुजरात पहले नंबर पर है। गुजरात में सबसे ज्यादा सवा पांच लाख घरों की छतों पर सोलर पैनल लग गए हैं। इसके बाद महाराष्ट्र का नंबर है, जहां पर चार लाख से ज्यादा घरों में सोलर पैनल लगे हैं। तीसरे नंबर पर उप्र है, जहां सवा तीन लाख से ज्यादा सोलर पैनल लगे हैं। छत्तीसगढ़ का नंबर पीछे है। यहां पर करीब 25 हजार घरों में ही सोलर पैनल लग सके हैं। छत्तीसगढ़ टॉप टेन में नहीं है। केंद्र सरकार ने देशभर में एक करोड़ घरों की छतों पर सोलर पैनल लगाने की योजना बनाई है। अब तक यहां 56 लाख 17665 आवेदन आए हैं। 27 लाख से ज्यादा घरों में सोलर पैनल लगे हैं। इससे ▸▸शेष पेज 4 पर




### छत्तीसगढ़ में अब तक 124332 आवेदन

छत्तीसगढ़ टॉप टेन राज्यों में नहीं है, लेकिन कुछ राज्यों से जरूर उसकी स्थिति अच्छी है। छत्तीसगढ़ में अब तक 124332 आवेदन आए हैं। इनमें से 26612 घरों में सोलर पैनल लग गए हैं। बीते दो माह से तेजी से काम हो रहा है। इसके पहले सोलर पैनल लगाने की रफ्तार बहुत धीमी थी। वेंडरों पर लगाम कसने के कारण अब तेजी से घरों में सोलर पैनल लगाने का काम हो रहा है।

### ये हैं टॉप 5 राज्य

पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के केंद्र सरकार के राष्ट्रीय पोर्टल के मुताबिक सबसे ज्यादा गुजरात में इस योजना पर काम हो रहा है। यहां पर 622112 आवेदन आए हैं और इनमें से 528332 घरों में सोलर पैनल भी लग गए हैं। इसके बाद महाराष्ट्र में 597642 आवेदन आए हैं और यहां पर 409566 घरों में सोलर पैनल लग गए हैं। तीसरे नंबर पर उप्र का नाम है। इस राज्य में 1056616 आवेदन आए हैं। यहां पर अब तक 339930 घरों में सोलर पैनल लगे हैं। चौथे नंबर पर केरला है, यहां पर 246121 आवेदन आए हैं और इनमें से 182479 घरों में सोलर पैनल लग गए हैं। पांचवें नंबर पर राजस्थान है। यहां पर 253917 आवेदन आए हैं और इनमें से 125304 घरों में सोलर पैनल लग गए हैं।

### ये हैं टॉप पांच राज्य

गुजरात- 528332
महाराष्ट्र -409566
उप्र- 339930
केरला - 182479
राजस्थान 125304

### घर में आग, तीन बच्चों सहित छह जिंदा जले

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के सिरमौर जिले के नौराधार क्षेत्र के एक गांव में बुधवार रात एक घर में लगी आग में तीन बच्चों सहित छह लोगों की जलकर मौत हो गई और एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से झुलस गया। घटना की शुरुआती जांच से प्रतीत होता है कि तंलगना गांव के घर में आग बुधवार देर रात चूल्हे के कारण लगी थी। एसडीएम ने बताया कि तलंगना, संगड़ाह उपमंडल का एक दूरस्थ गांव है जो सड़क मार्ग से जुड़ा हुआ नहीं है। जब ग्रामीणों ने आग देखी और मौके पर मदद के लिए पहुंचे, तब तक आग के कारण पुराने लकड़ी के घर को काफी भारी नुकसान हो चुका था।

## वंदे मातरम गाकर रचा इतिहास



5 लाख युवाओं की रही भागीदारी

3 हजार से अधिक स्कूल-कॉलेज में एक साथ गायन

**रायपुर।** वंदे मातरम् गान पर गुरुवार को रायपुर लोकसभा क्षेत्र के 5 लाख युवाओं ने इतिहास रच दिया। 3000 से अधिक स्कूल-कॉलेजों में एक साथ वंदे मातरम् का गान हुआ। इस अवसर पर रायपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद बृजमोहन अग्रवाल में वंदे मातरम् की ऐतिहासिक योगदान पर प्रकाश डाला। राज्य सरकार के मंत्री, विधायक, महापौर, निगम मंडल के अध्यक्ष, पार्षद, पंच -सरपंच समेत सभी जनप्रतिनिधियों ने भी युवाओं के साथ पूर्ण वंदे मातरम् गाकर इस ऐतिहासिक पल के गवाह बने।

## महंगाई भत्ते में वृद्धि का आदेश जारी एक जनवरी से मिलेगा लाभ

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा राज्य के शासकीय कर्मचारियों को मिल रहे 55 प्रतिशत महंगाई भत्ते में 3 प्रतिशत की बढ़ोतरी किए जाने की घोषणा के बाद वित्त विभाग द्वारा यह आदेश जारी कर दिया गया है। जारी आदेश के अनुसार अब राज्य के शासकीय कर्मचारियों को एक जनवरी से 58 प्रतिशत महंगाई भत्ता मिलेगा। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ राज्य के सरकारी कर्मचारियों को केन्द्र के समान 58 प्रतिशत महंगाई भत्ता मिलेगा। एक सितम्बर 2025 से राज्य के कर्मचारियों से 55 प्रतिशत महंगाई भत्ता मिल रहा था। वित्त विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार सातवें वेतनमान में एक जनवरी 2026 से 58 प्रतिशत तथा छठवें वेतनमान में एक जनवरी से 257 प्रतिशत महंगाई भत्ता मिलेगा। महंगाई भत्ते की गणना मूल वेतन के आधार पर की जाएगी।

## भारत, अमेरिका व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने के बेहद करीब

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नई दिल्ली



वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने कहा कि भारत और अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने के बेहद करीब हैं और दोनों पक्षों के तैयार होने पर इसकी घोषणा कर दी जाएगी। अग्रवाल ने कहा कि दोनों देशों के वार्ताकार दल व्यापार समझौते के लगभग सभी लंबित मुद्दों पर चर्चा कर रहे हैं।

### हाई टैरिफ फिर भी 7 बिलियन डॉलर का एक्सपोर्ट

ट्रंप प्रशासन ने भारत पर अभी 50 प्रतिशत का टैरिफ लगाया हुआ है। इतने ऊंचे टैरिफ के बावजूद हर महीने भारत करीब 7 बिलियन डॉलर का एक्सपोर्ट अमेरिका को कर रहा है।

## पर्यटकों के लिए माघ मेला में टेंट सिटी बसाई गई

# मकर संक्रांति पर 92 लाख ने गंगा-संगम में लगाई डुबकी

एजेंसी ▸▸ प्रयागराज/नई दिल्ली

प्रयागराज में चल रहे माघ मेले में गुरुवार को मकर संक्रांति पर्व के अवसर पर करीब 92 लाख लोगों ने गंगा और संगम में डुबकी लगाई। मेला प्रशासन के एक अधिकारी ने यह जानकारी देते हुए बताया कि बुधवार रात 12 बजे से ही स्नान प्रारंभ हो गया था। उन्होंने कहा कि आज पूरे दिन मकर संक्रांति का मुहूर्त है जिसे देखते हुए स्नानार्थियों की संख्या एक करोड़ के पार पहुंचने की संभावना है। मंडलायुक्त ▸▸शेष पेज 4 पर



### पीएम मोदी ने गायों को खिलाया चारा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को 7, लोक कल्याण मार्ग स्थित अपने सरकारी आवास पर गायों को चारा खिलाकर दिन की शुरुआत की। सोशल मीडिया पर साझा किए गए 39 सेकंड के एक वीडियो में प्रधानमंत्री को घास के मैदान में गायों की सेवा करते देखा गया।

### महाकाल का तिल के तेल से अभिषेक

उज्जैन स्थित विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर में महाकाल का तिल के तेल से अभिषेक हुआ। भस्म आरती में भी तिल चढ़ाया गया और तिल के लड्डुओं का भोग लगा।

### वाराणसी-गंगासागर में उमड़ी भीड़

यूपी के वाराणसी के गंगा घाट और पश्चिम बंगाल के गंगासागर में स्नान के लिए लोगों की भीड़ उमड़ी है। पंजाब के अमृतसर में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सचखंड श्री दरबार साहिब में पवित्र स्नान किया।




ऑपरेशन सिंदूर में शहीद हुए जवानों का भी हुआ सम्मान

## जयपुर में 78वां सेना परेड दिवस का आयोजन

# टैंक, रोबोटिक डॉग्स और जगुआर फाइटर जेट ने दिखाया दमखम

**जयपुर।** जयपुर, राजस्थान में 78वें सेना दिवस परेड का आयोजन किया गया। इस परेड में भव्य और आधुनिक झांकियां निकाली गई, इसके साथ ही ऑपरेशन सिंदूर में शहीद हुए जवानों को भी सम्मानित किया गया। आर्मी-डे परेड गुरुवार को जयपुर में आयोजित कि गई, जहां जगतपुरा के महल रोड पर हजारों लोग कार्यक्रम के साक्षी बने। इस परेड में जवानों ने अपने अनुशासन, शक्ति और आधुनिक सैन्य क्षमताओं का प्रदर्शन किया। परेड की शुरुआत ऑपरेशन सिंदूर में शहीद हुए जवानों को सेना मेडल (वीरता) से सम्मानित करने के साथ हुई थी।



### हेलिकॉप्टर अपाचे ने दिखाए करतब

आर्मी-डे परेड के दौरान जयपुर की सड़कों पर ब्रह्मोस मिसाइल, पिनाका लॉन्चर, भीष्म, अर्जुन टैंक, धनुष तोप, रोबोटिक डॉग्स का प्रदर्शन किया गया। अटैक हेलिकॉप्टर अपाचे ने आसमान में दुश्मनों के होश उड़ाने वाले करतब दिखाए। इसके अलावा, पाकिस्तान सीमा के पास नाल (बीकानेर) एयरबेस से उड़ान भरकर आए जगुआर फाइटर जेट की खासियतों के बारे में भी लोगों को जानकारी दी गई।

### जवान की मां मेडल लेते हुए हो गई बेहोश

ऑपरेशन सिंदूर में शहीद हुए 1 पैरा स्पेशल फोर्स के जवान लांस नायक प्रदीप कुमार की मां सेना मेडल लेते मंच पर बेहोश हो गई। सैन्य अधिकारियों ने उन्हें संभाला और तुरंत एंबुलेंस से अस्पताल पहुंचाया गया। इसके बाद वीरता पुरस्कार से सम्मानित सेना के अधिकारियों ने परेड कमांडर को सलामी दी। अशोक चक्र, परमवीर चक्र और महावीर चक्र से सम्मानित अधिकारी परेड का नेतृत्व कर रहे थे।

**तीन एग्जिट पोल में फडनवीस-शिंदे की जोड़ी ने मारी बाजी**

# बीएमसी में भाजपा-शिंदे सेना को प्रचंड बहुमत, ठाकरे ब्रदर्स को झटका

## महाराष्ट्र के 29 नगर निगमों में हुआ मतदान, आज आएंगे नतीजे

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश की सबसे अमीर नगरपालिका-बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) समेत महाराष्ट्र की 29 नगर निगमों के लिए मतदान की प्रक्रिया गुरुवार शाम तक शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गई। मतदान खत्म होने के बाद आए एक्जिट पोल में बीजेपी और एकनाथ शिंदे की शिवसेना को बढ़त मिलती दिख रही है। तीन अलग-अलग एग्जिट पोल्स के मुताबिक, सत्ता की दौड़ में यह गठबंधन आगे है। इन पोल्स में यह भी निकलकर आया है कि उद्धव और राज ठाकरे की एकजुट शिवसेना (यूबीटी) और मनसे को मराठा और मुस्लिम वोटों का फायदा मिल सकता है। वहीं, उत्तर भारतीय और दक्षिण भारतीय मतदाताओं ने बड़ी संख्या में बीजेपी का समर्थन किया है। युवा मतदाता और महिलाएं भी इस बार बीजेपी के पक्ष में हैं।



### किसको मिल रहीं कितनी सीटें

जेवीसी (जेवीसी) एग्जिट पोल के अनुसार, बीजेपी को 138 सीटें मिल सकती हैं जबकि उद्धव ठाकरे की शिवसेना (यूबीटी) और राज ठाकरे की मनसे को मिलाकर 59 सीटें मिलने का अनुमान है। इस सर्वे में कांग्रेस को 23 सीटें मिलने की संभावना जताई गई है। एक्सिस माई इंडिया (एक्सिस माई इंडिया) का अनुमान है कि बीजेपी और शिंदे की शिवसेना को मिलाकर 131 से 151 सीटें मिल सकती हैं। वहीं, शिवसेना (यूबीटी) गठबंधन को 58 से 68 सीटें मिलने का अनुमान जताया गया है। सकल (सकल) एग्जिट पोल के मुताबिक, बीजेपी और शिवसेना को 119 सीटें, जबकि शिवसेना (यूबीटी) को 75 सीटें मिल सकती हैं। इस पोल में कांग्रेस को 20 से ज्यादा सीटें मिलने की संभावना नहीं जताई गई है।

### बीएमसी चुनावः करीब 41 प्रतिशत मतदान

मुंबई। बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) के लिए बृहस्पतिवार को हो रहे मतदान के शुरुआती आठ घंटों में करीब 41 प्रतिशत मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर चुके हैं जिनमें कई प्रमुख नेता और बॉलीवुड हस्तियां शामिल हैं। बीएमसी के एक प्रवक्ता ने बताया कि महानगर में एक करोड़ से अधिक पात्र मतदाता हैं जिनमें से करीब 41.08 प्रतिशत ने अपराह्न 3.30 तक अपने मताधिकार का प्रयोग किया था। देश की सबसे अमीर महानगरपालिका के 227 पार्षदों को चुनने के लिए सुबह 7:30 बजे कड़ी सुरक्षा के बीच मतदान शुरू हुआ जो शाम 5:30 बजे समाप्त होगा। बीएमसी पार्षद चुने जाने के लिए करीब 1,700 उम्मीदवार मैदान में हैं। अद्यतन आंकड़ों के मुताबिक अपराह्न 3.30 बजे तक भांडुप उपनगरीय क्षेत्र में स्थित वार्ड संख्या 114 में सबसे अधिक 53.34 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया।

### उद्धव-राज ने किया अनियमितताओं का दावा

शिवसेना (उबाठा) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने बृहस्पतिवार को महाराष्ट्र निकाय चुनावों में अनियमितताओं का दावा किया और इसे लोकतंत्र की हत्या का प्रयास करार दिया। उद्धव और उनके चचेरे भाई एवं महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के प्रमुख राज ठाकरे ने राज्य निर्वाचन आयोग पर कई मुद्दों को लेकर निशाना साधते हुए दावा किया कि मतदाताओं की उंगलियों पर लगी स्याही को आसानी से मिटाया जा सकता है। उद्धव ने राज्य निर्वाचन आयुक्त दिनेश वाघमारे के निलंबन की मांग की और आयोग व सरकार के बीच मिलीभगत का आरोप लगाया।


**बंगाल के बाद झारखंड में भी विवाद**

# ईडी पर लगा मारपीट का आरोप एजेंसी के दफ्तर पहुंची रांची पुलिस

एजेंसी ▶▶| रांची

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों के साथ कथित मारपीट की शिकायत की जांच के सिलसिले में गुरुवार सुबह रांची पुलिस की एक टीम यहां स्थित ईडी के जोनल कार्यालय पहुंची। सूत्रों के मुताबिक, यह कार्रवाई दर्ज शिकायत के आधार पर की जा रही है। जानकारी के अनुसार, राज्य के पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के एक पूर्व कर्मचारी ने 12 जनवरी को रांची के एयरपोर्ट थाना में आवेदन दिया था। आवेदन में आरोप लगाया गया है कि कथित जलापूर्ति घोटाले से जुड़े एक मामले में पूछताछ के दौरान ईडी अधिकारियों ने उसके साथ मारपीट की।

**पश्चिम बंगाल प्रकरण के बाद बढ़ी संवेदनशीलता-** यह घटनाक्रम ऐसे समय सामने आया है, जब हाल ही में पश्चिम बंगाल पुलिस और ईडी अधिकारियों के बीच टकराव की स्थिति बनी थी। उस दौरान ईडी ने राजनीतिक परामर्श फर्म आई-पैक के कार्यालय और उसके प्रमुख प्रतीक जैन के आवास पर छापामारी की थी, जिसमें जबरन प्रवेश और दस्तावेज चोरी के आरोप लगे थे।




### खास बातें


- राजनीतिक आरोपों के बीच बढ़ी हलचल
- पूर्व कर्मचारी ने दर्ज कराई मारपीट की शिकायत

**मरांडी ने जताई साक्ष्य से छेड़छाड़ की आशंका-** इस बीच झारखंड विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने पुलिस की इस कार्रवाई पर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस कार्रवाई की आड़ में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से जुड़े भ्रष्टाचार मामलों के अहम साक्ष्यों से छेड़छाड़ या उन्हें नष्ट करने का प्रयास हो सकता है। मरांडी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर कहा कि एयरपोर्ट रोड स्थित ईडी कार्यालय में हजारों करोड़ रुपये के भ्रष्टाचार मामलों से जुड़े महत्वपूर्ण दस्तावेज मौजूद हैं।

### डीएसपी स्तर के अधिकारी कर रहे हैं जांच

सूत्रों ने बताया कि जांच के लिए पहुंची पुलिस टीम में डीएसपी रैंक के अधिकारी के साथ एयरपोर्ट थाना प्रभारी भी शामिल हैं। पुलिस टीम ईडी कार्यालय में मौजूद तथ्यों की जांच कर रही है। हालांकि, इस पूरे मामले पर रांची पुलिस की ओर से अब तक कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। रांची पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि मारपीट के आरोपों के मद्देनजर ईडी कार्यालय में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच की जा रही है, ताकि घटना से जुड़े तथ्यों की पुष्टि की जा सके।

### मानहानि मामलाः वीसी से पेश हुईं कंगना रनौत



**बठिंडा।** भाजपा सांसद और फिल्म अभिनेत्री कंगना रनौत के खिलाफ चल रहे मानहानि मामले में गुरुवार को बठिंडा की अदालत में अहम सुनवाई हुई। यह मामला3कृषि कानूनों के विरोध के दौरान बुजुर्ग महिला महिंदर कौर को लेकर की गई कथित आपत्तिजनक टिप्पणी से जुड़ा हुआ है। रनौत अदालत में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से पेश हुईं।

# चार एस्ट्रोनॉट्स मिशन छोड़ आईएसएस से पृथ्वी पर लौटे

## 25 साल के इतिहास में नासा का पहला मेडिकल इवैक्यूएशन

एजेंसी ▶▶| वॉशिंगटन

नासा ने 25 साल के इतिहास में पहली बार इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन से अंतरिक्ष यात्रियों का इमरजेंसी इवैक्यूएशन कराया है। इस इवैक्यूएशन के तहत चार अंतरिक्ष यात्रियों को गुरुवार को प्रशांत महासागर में उतारा गया। अंतरिक्ष यात्रियों को इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन से पृथ्वी तक लाने के लिए स्पेसएक्स ड्रैगन कैप्सूल एंडेवर का इस्तेमाल किया गया। इस यात्रा में उन्हें 11 घंटे का समय लग। स्पेसएक्स ड्रैगन कैप्सूल एंडेवर भारतीय समयानुसार 2.11 बजे सैन डिएगो के तट पर उतरा।



**किन अंतरिक्ष यात्रियों को निकाला गया :** नासा ने इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन से कुल चार अंतरिक्ष यात्रियों का इवैक्यूएशन किया है। इनमें जेना कार्डमैन, माइक फिंके, किमिया यूई और ओलेग प्लाटोनोव शामिल हैं। अगस्त 2025 में अंतरिक्ष में गए कार्डमैन, फिंके, जापान के किमिया यूई और रूस के ओलेग प्लातोनोव को फरवरी 2026 के अंत तक अंतरिक्ष स्टेशन पर रहना था। लेकिन, 7 जनवरी 2026 को नासा ने कार्डमैन और फिंके की अगले दिन होने वाली स्पेसवॉक अचानक रद्द कर दी और बाद में टीम की जल्द वापसी की घोषणा की।

### पृथ्वी पर भेजे जाने का पहला मामला

दरअसल, अगस्त 2025 में इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पहुंचे चार अंतरिक्ष यात्रियों में से एक की तबीयत खराब हो गई थी। यह मेडिकल इमरजेंसी पड़ने पर किसी अंतरिक्ष यात्री को नेशनल एरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन (नासा) द्वारा पृथ्वी पर भेजे जाने का पहला मामला है। अधिकारियों ने उस अंतरिक्ष यात्री की पहचान बताने से इनकार कर दिया जिसे चिकित्सकीय देखभाल की जरूरत है और ना ही यह बताया गया कि उसे क्या दिक्कत हुई है।

# नंदा देवी वन में लगी आग पर काबू पाने हेलिकॉप्टर तैनात

**चमोली।** उत्तराखंड के चमोली जिले में नंदा देवी राष्ट्रीय उद्यान के गोविंदघाट रेंज में अलकनंदा और लक्ष्मण गंगा नदियों के बीच स्थित पथरीले इलाके में जंगल में आग लगने के बाद जिला प्रशासन को पूरी तरह से अलर्ट कर दिया गया है। नंदा देवी राष्ट्रीय उद्यान के गोविंदघाट रेंज में अलकनंदा और लक्ष्मण गंगा नदियों के बीच चट्टानी क्षेत्र में लगी जंगल की आग को नियंत्रित करने के लिए प्रशासन पूरी तरह से सतर्क है। क्षेत्र की दुर्गमता को देखते हुए, हेलीकॉप्टर का उपयोग करके हवाई टोही और अग्निशमन के लिए एक योजना तैयार की गई है। जिला मजिस्ट्रेट गौरव कुमार की पहल पर हेलीकॉप्टर से सर्वेक्षण की अनुमति दे दी गई है। डीएफओ सर्वेश दुबे ने बताया कि घाटी और हेमकुंड साहिब सुरक्षित हैं।

भारतीय खेल प्राधिकरण
SPORTS AUTHORITY OF INDIA
भारत सरकार / GOVERNMENT OF INDIA
खेल विभाग / DEPARTMENT OF SPORTS
(An Autonomous Body under Ministry of Youth Affairs and Sports)
(युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय के तहत एक स्वायत्त निकाय)
(Human Resources Division -II)
(मानव संसाधन प्रभाग -II)
जे. एन. स्टेडियम परिसर, पूर्व द्वार सं. 10,
लोदी रोड, सी.जी.ओ. कॉम्प्लेक्स, नई दिल्ली - 110003
J N Stadium Complex, East Gate. No. 10,
Lodhi Road, CGO Complex, New Delhi-110003
फा. सं. 01-04006/24/2025-एचओ-कार्मिक प्रभाग दिनांक: 09-01-2026

भारतीय खेल प्राधिकरण में भर्ती प्राचार्य

भारतीय खेल प्राधिकरण (SAI), जो कि युवा कार्य एवं खेल मंत्रालय के अधीन एक स्वायत्त निकाय है, प्राचार्य के 01 पद के लिए आवेदन आमंत्रित करता है। यह पद शैक्षणिक वेतन स्तर-14, रुपये 1,44,200-2,18,200 (पीबी-4, रुपये 37,400-67,000 + रुपये 10,000/- ग्रेड पे) में है, जिसके साथ रुपये 3,000 प्रति माह का विशेष भत्ता देय होगा। नियुक्ति नियमित आधार पर 05 वर्षों की अवधि के लिए या अधिवार्षिक आयु पूर्ण होने तक, जो भी पहले हो (यूजीसी दिशानिर्देश 2018 के अनुसार), की जाएगी। यह पद SAI लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय, करियावट्टम, तिरुवनंतपुरम के लिए है। पात्र अधिकारी निर्धारित प्रपत्र में आवेदन, आवश्यक दस्तावेजों के साथ, उप निदेशक (मानव संसाधन प्रभाग-II), कक्ष संख्या 211, भारतीय खेल प्राधिकरण, मुख्यालय, गेट संख्या 10 (पूर्वी गेट), जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम, लोधी रोड, नई दिल्ली-110003 को भेज सकते हैं। आवेदन डाक द्वारा हार्ड कॉपी के माध्यम से अथवा ई-मेल द्वारा recruitment.cell.sai@gov.in पर निम्नलिखित विषय पंक्ति के साथ भेजे जा सकते हैं: "SAI में प्राचार्य पद हेतु आवेदन आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि 09.02.2026 को सायं 05:00 बजे तक है।
विस्तृत विज्ञापन, पात्रता मानदंड, प्रपत्र (प्रोफार्मा) एवं निर्देश SAI की वेबसाइट (www.sportsauthorityofindia.nic.in) पर उपलब्ध होंगे।
cbc 47103/12/0017/2526

## राशिफल

**मेष** — किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है। सन्तान के स्वास्थ्य में सुधार होगा। मानसिक शान्ति रहेगी। शिक्षा में व्यवधान आ सकते हैं।

**वृष** — अनियोजित खर्चों में वृद्धि होगी। कुटुम्ब की किसी महिला से धन की प्राप्ति हो सकती है। मन में नकारात्मक विचारों का प्रभाव हो सकता है।

**मिथुन** — चिकित्सीय खर्च और भवन के मरम्मत पर खर्च बढ़ सकते हैं। वाणी में कठोरता रहेगी। वाणी का प्रभाव भी बढ़ेगा। समाज में मान-सम्मान मिलेगा।

**कर्क** — मन में निराशा एवं असन्तोष रहेगा। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी।

**सिंह** — न परेशान रहेगा। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव बढ़ सकता है। आत्मविश्वास रहेगा। भवन सुख में वृद्धि हो सकती है। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं।

**कन्या** — शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा, परन्तु स्वास्थ्य का ध्यान भी रखें। आत्मविश्वास बढ़ेगा। मन में शान्ति का प्रभाव रहेगा। धैर्यशीलता में कमी रहेगी।

**तुला** — बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। आय के स्रोत भी विकसित होंगे। कला एवं संगीत के प्रति रुझान बढ़ेगा। भवन सुख में वृद्धि हो सकती है।

**वृश्चिक** — शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। किसी मित्र के सहयोग से रोजगार के अवसर मिल सकते हैं। कारोबार की स्थिति मजबूत होगी।

**धनु** — वाणी में सौम्यता रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता रहेगी। नौकरी में बदलाव की स्थिति बन रही है। भाई-बहनों का सानिध्य एवं सहयोग मिलेगा।

**मकर** — शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। कारोबार में किसी मित्र का सहयोग मिल सकता है। किसी मित्र के सहयोग से किसी सम्पत्ति में निवेश कर सकते हैं।

**कुंभ** — नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा। क पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। क्रोध एवं आवेश की अधिकता रहेगी।

**मीन** — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। जीवनसाथी को स्वास्थ्य विकार रहेंगे। चिकित्सीय खर्च बढ़ेंगे।

**पश्चिम बंगाल में निपाह का डर**

# 3 और लोगों में संक्रमण का खतरा, अब तक 5 संक्रमित

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

पश्चिम बंगाल में इन दिनों निपाह वायरस का असर देखा जा रहा है। अब तीन अन्य लोगों को निपाह से संक्रमित पाया गया है। इसके साथ अब पश्चिम बंगाल में संक्रमितों की संख्या बढ़कर 5 हो गई है।पहले जिन दो स्वास्थ्य कर्मियों को संक्रमित पाया गया था, उनका अब भी आईसीयू में इलाज चल रहा है। दोनों की हालत गंभीर बताई जा रही है। स्वास्थ्य अधिकारियों ने इन मरीजों के संपर्क में आए करीब 120 लोगों को ट्रैक किया है। इन्हें होम आइसोलेशन में रहने की सलाह दी गई है।





### संक्रमण और बढ़ा

इस संक्रामक बीमारी ने डॉक्टर्स को अलर्ट कर दिया है। निपाह के संक्रमण की दर और मृत्यु का खतरा दोनों ही अधिक रहता है। 40-70 फीसदी मरीजों की मौत हो जाती है। इ स पर स्थानीय लोगों को सावधानी बरतते रहने की सलाह दी गई है। इसके पहले केरल में संक्रमण बढ़ा था। की लोगों को चपेट में लिया था।

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)
जोन आयुक्त कार्यालय जोन क्रमांक- 8, मोहबा बाजार रायपुर
क्रमांक 55/न.पा.नि./जोन क्र.-08/2026 रायपुर, दिनांक 14/01/2026
// रेनवाटर हार्वेस्टिंग स्थापना हेतु रूचि की अभिव्यक्ति //
नगर पालिक निगम रायपुर जोन क्रमांक-08 क्षेत्रांतर्गत विभिन्न आवासीय भवनों/ व्यवसायिक परिसरों/ औद्योगिक उपक्रमों में रेनवाटर हार्वेस्टिंग हेतु अनुमोदित डिजाईन, ड्राईंग एवं स्वीकृत दर अनुसार निर्माण कार्य हेतु पंजीकृत अशासकीय संगठनों (एन.जी.ओ.) स्व-सहायता समूह, असंगठित कामगारों की पंजीकृत समितियों, बेरोजगार इंजीनियर्स (सिविल), इच्छुक फर्म, निगम में रजिस्टर्ड जियो हाईड्रोलॉजिस्ट, एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से रूचि की अभिव्यक्ति मैनुअल पद्धति से दिनांक 06/02/2026 को शाम 5.00 बजे तक स्पीड पोस्ट/ पंजीकृत डाक के माध्यम से आमंत्रित किया जाता है एवं राशि रू. 1000.00 का (Non Refundable) डिमांड ड्राफ्ट आवेदन/प्रस्ताव के साथ राशि रु. 122000.00 का एफ.डी.आर. आयुक्त नगर पालिक निगम रायपुर के नाम पर देय प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य होगा, रेनवाटर हार्वेस्टिंग के प्राक्कलन तथा दरों से संबंधित विस्तृत जानकारी जोन क्रमांक-08 नगर पालिक निगम रायपुर कार्यालय से कार्यालयीन दिवस एवं समय पर प्राप्त किया जा सकता है।
घरों से निकलने वाले सुखा और गीला कचरें को सफाई मित्र (वाहन) को देवें।
जोन आयुक्त
जोन क्रमांक- 08
नगर पालिक निगम, रायपुर

## शब्द पहेली - 6110



**बाएँ से दाएँ**
1.होठ,अधर-2
3.बड़ी सवारी गाड़ी-2
5.डोर-2
7.हरे रंग का-2
9.शक,संदेह-3
11.विस्फोटक -2
13.बड़ी नाली-2
15.नमस्कार,नमस्ते-3
17.प्राण-2
19.लक्ष्मी,कमला-2
22.बल,दम-3
24.ठाठ-बाट-2
26.पिता-2
28.कसर-2
30.कुमारी,तरुणी-3
32.जी,चित-2
34.नाखून-2
36.पढ़ने वाला-3
38.उद्देश्य-2
41.मोटा आटा-2
43.नामित-3
45.नर का विलोम-2
47.उर्वरक-2
49.भीगा हुआ-2
51.गिरवी वस्तु-3
53.मनमौजी-2
55.सम्मान-2
57.ले जाने वाला-3
60.आनंद,मजा-2
62.दोस्त,सखा-2
64.निर्माण-3
66.सदैव,हमेशा-2
67.नेत्र,नयन-2
68.आकाश,गगन-2
69.लाख,गोंद-2

**ऊपर से नीचे**
1.प्यार (अंग्रेजी-2)
2.भगिनी,दीदी-3
4.सभी-2
6.गीत गायन-2
8.मार्ग,रास्ता-2
10.मां का दुलार-3
12.आनंद,रस-2
14.थूक,लेस-2
16.अनुकृति-3
18.सरुर,खुमार-2
20.मां,मदर-2
21.घ्राणेंद्रिय-2
23.चरण तल-3
25.भीगा हुआ-2
27.देह,काया-2
29.मछली-2
31.नृत्य करना-3
33.टौंटी,नलका-2
35.गधा,गर्दभ-2
37.कटि-3
39.माफी-2
40.दोस्त,मित्र-2
42.वायु,गैस-2
44.कॉफी-3
46.मूल्य-2
48.जोर,बल-2
50.लक्ष्मी-2
52.जलमार्ग-3
54.स्थिति-2
56.नवीन-2
58.कूड़ा-3
59.नौकर-2
61.सत्य-2
63.दौड़ना-2
65.गर्भनाड़ी-2

### शब्द पहेली- 6109 का हल



## सूडोकु नवताल- 6120

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | | 3 | | 8 | 9 | | 7 |
| | 1 | | 9 | | 6 | | 5 | 4 |
| | | | | | | 8 | | |
| | 4 | | 5 | | | | 8 | |
| 2 | | 5 | | 4 | | 6 | | 1 |
| | 3 | | | | 1 | | 7 | |
| | | 3 | | | | | | |
| 5 | 9 | | 7 | | 2 | | 6 | |
| 7 | | 6 | 4 | | 3 | | 9 | 2 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल- 6119 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 2 | 3 | 8 | 4 | 1 | 9 | 6 |
| 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 5 | 7 | 3 | 4 |
| 3 | 9 | 4 | 1 | 6 | 7 | 5 | 8 | 2 |
| 2 | 5 | 7 | 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 9 |
| 4 | 8 | 6 | 5 | 9 | 2 | 3 | 7 | 1 |
| 1 | 3 | 9 | 6 | 7 | 8 | 4 | 2 | 5 |
| 6 | 2 | 3 | 7 | 4 | 1 | 9 | 5 | 8 |
| 9 | 4 | 5 | 8 | 3 | 6 | 2 | 1 | 7 |
| 7 | 1 | 8 | 2 | 5 | 9 | 6 | 4 | 3 |

# बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने नजमुल को अहम पद से हटाया, बीपीएल के दो मैच स्थगित

एजेंसी ▶▶| ढाका

बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड को अपने वित्त समिति के अध्यक्ष नजमुल इस्लाम को पद से हटाने के लिए बाध्य होना पड़ा क्योंकि राष्ट्रीय टीम के सीनियर खिलाड़ियों ने उनके खिलाफ अपमानजनक टिप्पणियां करने के लिए इस अधिकारी के खिलाफ विद्रोह कर दिया था। बीसीबी के अहम पद से नजमुल को हटाए जाने के बावजूद बृहस्पतिवार को होने वाले बांग्लादेश प्रीमियर लीग (बीपीएल) के दो मैच स्थगित कर दिए गए। बीपीएल में हिस्सा लेने वाले खिलाड़ी बीसीबी निदेशक के पद से नजमुल को तुरंत हटाने की अपनी मांग पर एकजुट थे। अगली सूचना तक बीसीबी अध्यक्ष ही वित्त समिति के कार्यवाहक अध्यक्ष की जिम्मेदारी संभालेंगे। यह साफ नहीं है कि नजमुल बीसीबी के निदेशक बने रहेंगे या नहीं।

### नजमुल ने क्या कहा था?

यह विवाद नजमुल के उस बयान के बाद भड़का, जिसमें उन्होंने टी-20 विश्व कप 2026 में बांग्लादेश की भागीदारी को लेकर अनिश्चितता पर टिप्पणी की थी। उन्होंने कथित तौर पर कहा था कि अगर खिलाड़ी नहीं खेलते हैं तो आर्थिक नुकसान सिर्फ उन्हें ही होगा और बोर्ड इसकी भरपाई नहीं करेगा। इस बयान को मोहम्मद मिथुन ने पूरी तरह अस्वीकार्य बताया और कहा कि इससे खिलाड़ियों की भावनाएं गहराई से आहत हुई हैं।





### तमीम को नजमुल ने बताया भारतीय एजेंट

नजमुल के ये बयान टी-20 विश्व कप के आयोजन स्थल को लेकर भी आए थे। भारत-बांग्लादेश के बीच चल रहे गतिरोध में उनके बयान ने विवाद को और हवा दे दी थी। उन्होंने बांग्लादेश के पूर्व कप्तान तमीम इकबाल को भारतीय एजेंट कह दिया था। तमीम ने बोर्ड से अपील की थी कि भारत में होने वाले विश्व कप में बांग्लादेश की भागीदारी पर फैसला लेते समय भावनाओं की बजाय समझदारी से निर्णय लिया जाए।

### मैदान पर नहीं पहुंची दोनों टीमें

विवाद का असर सीधे मैदान पर दिखा। बांग्लादेश प्रीमियर लीग में नोआखली एक्सप्रेस और चटगांव रॉयल्स के बीच होने वाले मैच में टॉस तक नहीं हो पाया। वजह यह थी कि दोनों टीमें मैदान पर ही नहीं आईं। खिलाड़ियों ने साफ शब्दों में कहा था कि जब तक नजमुल इस्लाम इस्तीफा नहीं देते, वे किसी भी तरह का क्रिकेट नहीं खेलेंगे। खिलाड़ियों के इस कड़े रुख के बाद बीसीबी के पास नजमुल को हटाने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा।

### खिलाड़ियों के लिए बीसीबी का संदेश

बीसीबी ने यह भी साफ किया कि क्रिकेटरों के हित उसकी सबसे बड़ी प्राथमिकता हैं। बोर्ड ने कहा कि वह खिलाड़ियों के सम्मान और गरिमा की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। साथ ही, बीसीबी ने उम्मीद जताई कि खिलाड़ी इस मुश्किल दौर में भी पेशेवर रवैया अपनाएंगे और बांग्लादेश क्रिकेट की भलाई के लिए खेलना जारी रखेंगे, खासकर बांग्लादेश प्रीमियर लीग में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करेंगे।

## टी20 वर्ल्ड कप : कनाडाई टीम की कमान संभालेगा महज 22 साल का खिलाड़ी

कनाडा ने भारत और श्रीलंका में होने वाले आईसीसी मेंस टी20 वर्ल्ड कप 2026 के लिए अपनी टीम का ऐलान कर दिया है। टीम अपने पहले वर्ल्ड कप अनुभव से सीख लेते हुए इस बार बड़ा प्रभाव छोड़ने की कोशिश करेगी। कनाडा ने 22 साल के दिलप्रीत बाजवा को अपनी टीम का कप्तान नियुक्त किया है।



दिलप्रीत ने कनाडा के लिए 17 टी20 मैच खेले हैं और 28.35 के औसत से 397 रन बनाए हैं। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 133 से ज्यादा का रहा है। उन्होंने अब तक 4 अर्धशतक लगाने का कारनामा किया है। बल्लेबाजी विभाग में कनाडा के पास आक्रामक बल्लेबाज निकोलस किर्टन मौजूद हैं। उनके साथ लेफ्ट हैंड बल्लेबाज युवराज समरा टीम को मजबूती देंगे, जिनका स्ट्राइक रेट 160.72 है।

### कनाडा का स्क्वॉड

दिलप्रीत बाजवा (कप्तान), अजयवीर हुंदल, अंश पटेल, डिलन हाइलिगर, हर्ष ठाकर, जसकरनदीप बुट्टर, कलीम सना, कंवरपाल तथगुर, नवनीत धालीवाल, निकोलस किर्टन, रविंदरपाल सिंह, साद बिन जफर, शिवम शर्मा, श्रेयस मूव्वा, युवराज समरा।

### खबर संक्षेप



#### स्टीफंस ने किया ऑस्ट्रेलियाई ओपन के लिए क्वालीफाई

**मेलबर्न।** स्लोएन स्टीफंस ने ऑस्ट्रेलियाई ओपन के लिए क्वालीफाई कर लिया है जो एक साल पहले मेलबर्न पार्क में शीर्ष रैंक वाली एरिना सबालेंका से पहले दौर में हारने के बाद उनका पहला ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट है। अमेरिकी ओपन 2017 चैंपियन स्लोएन ने बाएं पैर की चोट से उबरने के बाद सत्र की पहली ग्रैंडस्लैम प्रतियोगिता के क्वालीफाइंग दौर में 1,097वीं रैंकिंग के साथ प्रवेश किया था। उन्होंने मेलबर्न पार्क में क्वालीफाइंग में लगातार तीन जीत हासिल की और बृहस्पतिवार को तीसरे दौर में इटली की लूसिया ब्रोंजेटी को 6-1, 7-5 से हराकर मुख्य ड्रॉ में जगह पक्की की। इस 32 साल की अमेरिकी खिलाड़ी ने करियर की सर्वश्रेष्ठ तीसरी रैंकिंग हासिल की थी।

#### ग्रैंड टूर रोड रेस साइकिलिंग 19 से, धोनी होंगे दूत

**पुणे।** भारत के पूर्व क्रिकेट कप्तान महेंद्र सिंह धोनी को बजाज पुणे ग्रैंड टूर का दूत बनाया गया जो देश में पहली बार होने वाली यूसीआई 2.2 वर्ग की 'मल्टी-स्टेज' रोड रेस साइकिलिंग प्रतियोगिता है। यह प्रतियोगिता 19 से 23 जनवरी तक यहां आयोजित की जाएगी जिसमें 35 देशों की 29 टीम के 171 राइडर हिस्सा ले रहे हैं। पुरुषों के लिए पांच दिन की 'कॉन्टिनेंटल रोड साइकिलिंग रेस' दक्कन पठार और सह्याद्री रेंज में 437 किमी के रास्ते से गुजरेगी जिसमें नुकीले मोड़ और चुनौतीपूर्ण चढ़ाई होगी। धोनी को इस प्रतियोगिता का दूत बनाया गया है।

भारत उतारेगा डेवलपमेंट टीम
भारत एक 'डेवलपमेंट टीम' भी उतारेगा जिससे कुल 12 भारतीय राइडरों को घरेलू परिस्थितियों में अपनी काबिलियत साबित करने का मौका मिलेगा, साथ ही चार स्थानापन्न राइडर भी होंगे। इस रेस का आयोजन पुणे जिला प्रशासन द्वारा भारतीय साइकिलिंग महासंघ की देखरेख में किया जा रहा है।

अन्य खिलाड़ी भी दिखाएंगे दमखम
अंतरराष्ट्रीय चुनौती का नेतृत्व स्पेन की प्रो टीम बर्गोस बर्पेलेट बीचएच करेगी जो यूसीआई (अंतरराष्ट्रीय साइकिलिंग संघ) रैंकिंग में 25वें स्थान पर है। उसके बाद चीन की ली निंग स्टार (36वें) और मलेशिया की टेरेंगानु साइकिलिंग टीम (37वें) होंगी।
मेजबान चुनौती का नेतृत्व मशहूर राइडर नवीन जॉन करेंगे।

### पहले वनडे में गेंदबाजी के दौरान लगी थी चोट

# न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज से बाहर हुए वाशिंगटन, विश्व कप में खेलना मुश्किल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ जारी वनडे सीरीज के दौरान चोटिल हुए वाशिंगटन सुंदर अब टी-20 सीरीज से भी बाहर हो गए हैं। भारतीय ऑलराउंडर को बाएं निचले पसली हिस्से में साइड स्ट्रेन की समस्या हुई है। यह चोट उन्हें पहले वनडे में गेंदबाजी के दौरान लगी थी, जिसके बाद उन्हें वनडे सीरीज से भी बाहर कर दिया गया। अब 5 मैचों की टी-20 सीरीज में भी सुंदर टीम का हिस्सा नहीं होंगे।

### बीसीसीआई अधिकारी ने दी जानकारी

मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार, सुंदर 21 जनवरी से शुरू हो रही टी-20 सीरीज तक फिट नहीं हो सकते हैं। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के एक अधिकारी ने पुष्टि की है कि साइड स्ट्रेन के चलते उनको न्यूजीलैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज से बाहर कर दिया गया है। वनडे सीरीज के लिए आयुष बडोनी सुंदर की जगह टीम में आए हैं। सुंदर की चोट ने टी-20 विश्व कप में उनकी उपलब्धता पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं।

### चोट के बावजूद बल्लेबाजी करने आए थे सुंदर

पहले वनडे में चोट के बावजूद सुंदर बल्लेबाजी के लिए मैदान पर उतरे थे और केएल राहुल के साथ मिलकर भारत को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। मैच के बाद राहुल ने खुलासा किया था कि उन्हें इस बात की जानकारी ही नहीं थी कि सुंदर ठीक से दौड़ नहीं पा रहे हैं। इसके बावजूद सुंदर ने जिम्मेदारी के साथ बल्लेबाजी की और मैच जिताऊ साझेदारी निभाकर टीम को मुश्किल हालात से बाहर निकाला।



### ऐसा रहा है सुंदर का टी-20 अंतरराष्ट्रीय करियर

सुंदर ने अपना पहला टी-20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबला श्रीलंका क्रिकेट टीम के खिलाफ साल 2017 में खेला था। उन्होंने अब तक 58 मुकाबले खेले हैं और इसकी 54 पारियों में 22.76 की औसत से 51 विकेट चटकाए हैं। उन्होंने 6.91 की इकॉनमी रेट से गेंदबाजी की है। इस खिलाड़ी का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 3/3 का रहा है। बल्लेबाजी में इस खिलाड़ी ने 134.39 की स्ट्राइक रेट से 254 रन बनाए हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 50 रन रहा है।

### सुंदर के बिना विश्व कप में बढ़ेगी परेशानी

अगर सुंदर टी-20 विश्व कप 2026 की टीम से बाहर होते हैं तो यह भारतीय टीम के लिए बड़ा झटका होगा। सुंदर पावरप्ले और मिडिल ओवर्स में किफायती गेंदबाजी के साथ उपयोगी बल्लेबाजी का विकल्प देते हैं। उनकी गैरमौजूदगी से टीम का ऑलराउंड संतुलन बिगड़ सकता है, खासकर स्पिन विभाग में गहराई कम होगी। इसके अलावा, निचले क्रम में रन बनाने और मैच हालात के अनुसार खुद को ढालने वाला अहम विकल्प टीम को खोना पड़ सकता है।

## विश्व कप से पहले पाकिस्तान में टी-20 सीरीज खेलेगी ऑस्ट्रेलिया



**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 3 मैचों की टी-20 सीरीज की घोषणा की है। इस सीरीज के तीनों मैच लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में 29, 31 जनवरी और 1 फरवरी को खेले जाएंगे। आगामी टी-20 विश्व कप की शुरुआत 7 फरवरी से होनी है और इसकी तैयारियों को ध्यान में रखते दोनों टीमें इस सीरीज में हिस्सा लेंगी।

**पीसीबी ने की आधिकारिक घोषणा**
पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के सीईओ सुमैर अहमद सैयद ने इस सीरीज को पाकिस्तान के क्रिकेट प्रशंसको के लिए एक बड़ा आयोजन बताया। उन्होंने कहा, हम लाहौर में 3 मैचों की टी-20 सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया की मेजबानी करने का इंतजार कर रहे हैं। यह दौरा पाकिस्तान क्रिकेट प्रशंसको के लिए साल की एक शानदार शुरुआत होगी और मैं उनसे अपील करता हूं कि वे सीरीज के दौरान बड़ी संख्या में आकर दोनों टीमों को समर्थन करें।

**चोटिल खिलाड़ियों से जूझ रही हैं दोनों टीमें**
पाकिस्तान के खिलाफ सीरीज ऑस्ट्रेलिया की टी-20 विश्व कप के लिए अपनी टीम को अंतिम रूप देने का मौका देगी। मेहमान टीम के 28 जनवरी को लाहौर पहुंचने की उम्मीद है। ये दोनों टीमें चोट की चिंताओं से जूझ रही हैं। जहां ऑस्ट्रेलिया के जोश हेजलवुड, पैट कमिंस और टिम डेविड के खेलने पर अस्पष्टता है।

### डब्ल्यूपीएल

## एक ओवर में डिएंड्रा, स्नेह और दीप्ति ने लुटाए सर्वाधिक रन





एजेंसी ▶▶| मुंबई

विमेंस प्रीमियर लीग 2026 के 5वें मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने यूपी वारियर्स को 9 विकेट से हरा दिया। यूपीडब्ल्यू से मिले 144 रन के लक्ष्य को आरसीबी ने 12.1 ओवर में ही हासिल कर लिया। मैच में यूपी वारियर्स की गेंदबाज डिएंड्रा डॉटिन ने अपने एक ओवर में 32 रन लुटाए। यह डब्ल्यूपीएल इतिहास का संयुक्त रूप से सबसे महंगा ओवर बन गया। आइए डब्ल्यूपीएल इतिहास के सबसे महंगे ओवरों पर नजर डालते हैं।

### डिएंड्रा डॉटिन - 32 रन बनाम आरसीबी 2026

इस सूची में यूपी वारियर्स की डॉटिन पहले नंबर पर हैं। उन्होंने आरसीबी की पारी के छठे ओवर में कुल 32 रन लुटाए। डॉटिन के इस ओवर में आरसीबी की बल्लेबाज ग्रेस हैरिस ने 3 छक्के और 3 चौके जड़कर कुल बल्ले से 30 रन बनाए। इसी तरह 2 रन नोबॉल और एक वाइड के रूप में आए। इस ओवर के बाद आरसीबी की टीम ने मैच पर पकड़ बना ली और आखिर में 9 विकेट से जीत दर्ज कर ली।

### स्नेह राणा - 32 रन बनाम गुजरात जायंट्स, 2026

दिल्ली कैपिटल्स की स्पिनर स्नेह राणा भी पहले पायदान पर हैं। उन्होंने रविवार (11 जनवरी) को गुजरात जायंट्स के खिलाफ पारी का छठा ओवर करते हुए कुल 32 रन खर्च किए। जीजी की सलामी बल्लेबाज सोफी डिवाइन ने इस ओवर में आक्रामक रूख अपनाते हुए पहली 2 गेंदों पर लगातार चौके जड़े और फिर अगली 4 गेंदों पर लगातार छक्के जड़ते हुए कुल 32 रन अपने नाम किए। यह ओवर जीजी की जीत में अहम साबित हुआ।

### अभी सारा ध्यान न्यूजीलैंड के खिलाफ श्रृंखला पर: डोएशे

**राजकोट।** भारत के सहायक कोच रेयान टेन डोएशे का कहना है कि अगले महीने होने वाला टी20 विश्व कप अभी 'काफी दूर' है और टीम का ध्यान फिलहाल न्यूजीलैंड के खिलाफ चल रही एकदिवसीय श्रृंखला पर है जो मेहमान टीम के यहां दूसरा मैच जीतने के बाद 1-1 से बराबर है। गत चैंपियन भारत सात फरवरी से शुरू होने वाले 20 टीम के टी20 विश्व कप की सह मेजबानी करेगा। वे न्यूजीलैंड के साथ एक कड़ी एकदिवसीय श्रृंखला खेल रहे हैं जिसका निर्णायक मैच रविवार को इंदौर में होना है। डोएशे ने उन खिलाड़ियों को 'सुरक्षित' रखने की जरूरत पर जोर दिया जो टी20 विश्व कप टीम का हिस्सा हैं। उन्होंने कहा, ''आप उन खिलाड़ियों को बचाना चाहते हैं जो टी20 विश्व कप में खेलने वाले हैं और हम इसके बारे में सोच रहे हैं।''

## भारत के कई बड़े स्कोर को न्यूजीलैंड ने सफलतापूर्वक किया ध्वस्त

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम ने दूसरे वनडे में भारतीय क्रिकेट टीम को 7 विकेट से मात दी। इस जीत के साथ ही कीवी टीम ने 3 मैचों की सीरीज में 1-1 से बराबरी हासिल की। राजकोट में खेले गए इस मैच में न्यूजीलैंड ने जीत के लिए मिले 285 रन के लक्ष्य को सफलतापूर्वक हासिल किया। इस बीच भारत के खिलाफ वनडे में न्यूजीलैंड द्वारा सफलतापूर्वक हासिल किए गए सबसे बड़े लक्ष्यों के बारे में जानते हैं।



### 2020 में माउंट माउंगानुई मैच

2020 में माउंट माउंगानुई में हुए वनडे में न्यूजीलैंड ने भारत को 5 विकेट से हराया था। उस मैच में भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 296/7 का स्कोर बनाया था। भारत से केएल राहुल ने 113 गेंदों में 112 रन बनाए थे। अपनी शतकीय पारी में उन्होंने 9 चौके और 2 छक्के लगाए थे। लक्ष्य का पीछा करते हुए मार्टिन गुप्टिल (66) और हेनरी निकोलस (80) ने अर्धशतक लगाए थे।

### 2026 में राजकोट मैच

राजकोट वनडे में शुभमन गिल ने अर्धशतक (54) लगाया। वहीं, रोहित शर्मा (24) और विराट कोहली (23) अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में नहीं बदल सके। मध्यक्रम में केएल राहुल (112*) ने शतक लगाकर टीम को 284/7 के स्कोर तक पहुंचाया। जवाब में न्यूजीलैंड से निकोलस (10) और डेवोन कॉनवे (16) सस्ते में आउट हुए। इसके बाद यंग (87) और डेरिल मिचेल (131*) ने बड़ी पारियां खेलते हुए जीत में अहम योगदान दिया।

### 2020 में हैमिल्टन का मुकाबला

भारत को 2020 में हैमिल्टन में खेले गए सीरीज के पहले वनडे में न्यूजीलैंड के खिलाफ 4 विकेट से हार मिली थी। उस मैच में भारतीय टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवरों के बाद 347/4 का स्कोर बनाया था। मेहमान टीम से श्रेयस अय्यर ने शतक (103) लगाया था। जवाब में मेजबान टीम ने 48.1 ओवर में लक्ष्य हासिल किया था, जिसमें रॉस टेलर का शतक (109*) शामिल था।

## नीरज ट्रेनिंग के लिए पोटचेफस्ट्रम रवाना



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दो बार के ओलंपिक पदक विजेता भारतीय भाला फेंक स्टार नीरज चोपड़ा ने अपने चुने हुए स्थल दक्षिण अफ्रीका के पोटचेफस्ट्रूम में सत्र पूर्व ट्रेनिंग शुरू कर दी है। खेल मंत्रालय के मिशन ओलंपिक सेल ने नए कोच जय चौधरी के साथ उनके 32 दिवसीय शिविर को मंजूरी दे दी है। नीरज ने पिछले हफ्ते चेक गणराज्य के दिग्गज जान जेलेजनी से कोच के तौर पर अलग होने का फैसला किया और चौधरी के साथ जुड़ने का फैसला किया जो उनके शुरुआती कोच थे। ज्ञात हो कि कोर समूह के खिलाड़ियों की संख्या अभी 118 है जिसमें 57 सामान्य और 61 पैरा खिलाड़ी शामिल हैं।

## विजय हजारे ट्रॉफी: सेमीफाइनल में आज पंजाब और सौराष्ट्र के बीच होगा रोमांचक मुकाबला

**बेंगलुरु।** आखिरी ग्रुप मैच में मुंबई की मजबूत टीम पर एक रन की रोमांचक जीत हासिल करने के बाद पंजाब आज शुक्रवार को यहां सौराष्ट्र के खिलाफ विजय हजारे ट्रॉफी सेमीफाइनल में बढ़े हुए आत्मविश्वास के साथ उतरेगा। उस रोमांचक जीत ने पंजाब को जिस तरह का आत्मविश्वास दिया वह क्वार्टर फाइनल में टीम की मध्य प्रदेश के खिलाफ एकतरफा जीत में दिखा। अब एक युवा और प्रतिबद्ध सौराष्ट्र की टीम उसके रास्ते में खड़ी है। मैच दोपहर 1.30 बजे से शुरू होगा।

**पंजाब की कप्तानी करेंगे प्रभसिमरन-** करिश्माई भारतीय सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा के खेलने की संभावना कम है इसलिए विकेटकीपर बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह के पंजाब की कप्तानी करने की उम्मीद है। उनकी अगुआई में पंजाब ने 345 रन बनाने के बाद मध्य प्रदेश को 183 रन से हराया। पंजाब की टीम कप्तान प्रभसिमरन के अनुभव पर निर्भर करेगी जो चार अर्धशतक के साथ टीम के लिए सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ियों में शामिल हैं।

कार्यालय नगर पालिका परिषद कुम्हारी, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

क्र./27/लो.क.वि./न.पा./ 2026 कुम्हारी, दिनांक 15/01/2026

ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| सिस्टम टेण्डर नंबर | कार्य का विवरण | अनु. ला. (लाख में) | निविदा डालने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 183885 | नगर पालिका परिषद कुम्हारी में स्वच्छता विभाग हेतु उच्चकुशल, कुशल एवं अकुशल 81 श्रमिक आपूर्ति कार्य। | 127.71 | 06/02/2026 |

उपरोक्त कार्यो की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज एवं अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद, कुम्हारी

इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड
नवरत्न कम्पनी
(भारत सरकार का उपक्रम)
वेबसाइट : www.ircon.org, CIN - L45203DL1976GOI008171

ई-प्रोक्योरमेंट नोटिस

ई–निविदा संख्या : IRCON/2070/NSL-PKG IV/25-26/E-tender/Civil & Track work दिनांक : 14.01.2026

योग्यता आवश्यकताओं को पूरा करने वाले बोलीदाताओं से "नगरनार, छत्तीसगढ़ राज्य में एनएमडीसी स्टील लिमिटेड के लिए प्रस्तावित 3 एमटीपीए इंटीग्रेटिड स्टील प्लांट हेतु प्राइवेट रेलवे साइडिंग के निर्माण के संबंध में फॉर्मेशन में मिट्टी कार्य, मौजूदा पुलों का विस्तार, ट्रैक कार्य, प्लेटफॉर्म एवं अन्य संबद्ध कार्यों सहित सिविल कार्यों का निर्माण (पैकेज–IV)" के कार्य के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| कार्य की अनुमानित लागत | रु. 34.21 करोड़ (जीएसटी सहित) |
| ई–निविदा जमा करने की अंतिम तिथि और समय | 05.02.2026 को 15:00 बजे तक |

अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट https://etenders.gov.in/eprocure/app देखें। शुद्धि पत्र, यदि कोई होगा तो, केवल वेबसाइट पर प्रकाशित किया जाएगा।
सहायक महाप्रबंधक / सिविल (पीएच), मकान नं. 59,
अशोका लाइफस्टाईल, धरमपुरा–3, जगदलपुर–494001, जिला : बस्तर (छ.ग.)

CAVEAT NOTICE
IN THE HON'BLE HIGH COURT OF CHHATTISGARH AT BILASPUR

**CAVEATORS:** [Proposed Respondent):
Nagar Palika Parishad Takhatpur Through Chief Municipal Officer District Bilaspur, Chhattisgarh
**NON-CAVEATOR:** [Apprehended Petitioners)
Public at Large

**CAVEAT APPLICATION UNDER SECTION 148-A OF THE CODE OF CIVIL PROCEDURE, 1908 R/W CHAPTER IX, RULE 142 OF THE HIGH COURT OF CG RULES, 2007**

That, the caveator above named most respectfully submits as under that it is a statutory local authority constituted under the Chhattisgarh Municipalities Act 1961. In discharge of its statutory obligations the caveator issued a tender notice dated 11.07.2025 for execution of public works including construction of Samudayik Bhawan Ward No 08 Takhatpur proposed civic improvement work of Chaupati at Nagar Palika Parishad Takhatpur and upgradation of Gulmohar Mangalik Bhawan.

That the non-caveators including prospective and unsuccessful bidders are likely to file a writ petition before the Hon'ble High Court challenging the aforesaid tender process and may seek interim orders, affecting the execution of public works. The caveator being the tender issuing authority is a necessary and proper party and is likely to be impleaded as respondent in any such proceedings. That in the event any such writ petition is filed the Hon'ble High Court may be pleased to afford the caveator an opportunity of being heard before passing any interim or final order in accordance with the principles of natural justice.

Counsel for caveators' address for notice is given below:

**SANDEEP SINGH,**
**Advocate,**
**High Court of Chhattisgarh**
**R/o Vinoba Nagar, Bilaspur (C.G.)**
**Mob. No.: 9981630080**

कार्यालय नगर पालिक निगम बिलासपुर (छ.ग.)
प्रधानमंत्री आवास योजना-सब के लिए आवास मिशन (शहरी)
स्लम/गैर स्लम में किराये के मकान में रह रहे हितग्राहियों को दो कमरे का आवास उपलब्ध कराने की योजना

विज्ञापन क्र. 37 दिनांक 15/01/2026

''मोर मकान मोर आस'' योजना अंतर्गत निर्मित (G+3) आवासीय फ्लैट्स आबंटन के लिए पंजीय आवेदन प्रपत्र कार्यालयीन दिवसों व समय पर दिनांक 19/01/2026 से दिनांक 09/02/2026 सायं 5.00 बजे तक कार्यालय नगर पालिक निगम बिलासपुर में राशि रु. 100.00 का नगद भुगतान कर प्राप्त किया जा सकता है। उपलब्ध फ्लैट्स का विवरण निमानानुसार है:–

| स्थल का नाम | तल का विवरण | फ्लैट्स की संख्या | कारपेट एरिया | अनुमानित मूल्य (लाख में) |
|---|---|---|---|---|
| नूतन चौक (G+3) | तृतीय तल | 02 | 315.49 व.फी. प्रति इकाई | 3.87 |
| बृज विहार ईडब्लूएस भूमि राजकिशोर नगर (G+3) | द्वितीय तल एवं तृतीय तल | 23 | 324.95 व.फी. प्रति इकाई | 3.25 |

संपूर्ण रुप से भरे गये पंजीयन आवेदन प्रपत्र कार्यालयीन दिवसों व समय पर ही स्वीकार किये जायेंगे। पंजीयन के उपरांत पात्र/अपात्र आवेदकों की सूची कार्यालय के सूचना पटल पर दिनांक 25/02/2026 को प्रदर्शित कर दिनांक 25/03/2026 को लॉटरी के माध्यम से आवासों का आबंटन किया जावेगा।

आयुक्त
नगर पालिक निगम बिलासपुर (छ.ग.)

पर्यावरण संरक्षण हेतु पॉलीथीन का उपयोग न करें।

कार्यालय नगर पालिका परिषद भाटापारा
जिला बलौदा बाजार-भाटापारा (छ.ग.)
TelePhone 07726-221068, Email Address - cmobhatapara@rediffmail.com

-: द्वितीय ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना :-

क्र./1182 / जल.वि./ न.पा.प./ 2025-26 भाटापारा, दिनांक 13.01.2026

नगर पालिका परिषद भाटापारा द्वारा 15वें वित्त आयोग मद अंतर्गत स्वीकृत राशि से कार्य कराये जाने के लिए सक्षम श्रेणी में पंजीकृत फार्मो से ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | सिस्टम टेंडर क्र. | कार्य का नाम | कार्य का लागत (लाख में) | बीड डालने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 183415 | वाटर सप्लाई वर्क | 408.81 | 02/02/2026 |

टीप :- उपरोक्त निविदा से संबंधी अन्य एवं विस्तृत जानकारियां सम्बधित विभाग से कार्यालयीन समय में प्राप्त की जा सकती है, तथा निविदा विभागीय वेबसाईट www.uad.cg.gov.in पर देखी जा सकती हैं।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगरपालिका परिषद,
भाटापारा




# भारत की वो ट्रेन, जिसमें कोई यात्री भूखा सफर नहीं करता, फ्री में मिलता है खाना

नई दिल्ली। भारत में ट्रेन यात्राएं सिर्फ मंज़िल तक पहुंचने का जरिया नहीं होतीं, बल्कि कई बार ये इंसानियत, सेवा और भाईचारे की मिसाल भी बन जाती हैं। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक वीडियो में ऐसी ही एक ट्रेन की झलक देखने को मिल रही है, जहां सफर के दौरान हर यात्री को मुफ्त लंगर परोसा जाता है। इस ट्रेन की सबसे खास बात यह है कि चाहे ट्रेन कितनी भी लेट क्यों न हो, लंगर सेवा कभी नहीं रुकती।

### बिना भेदभाव परोसा जाता है लंगर



वीडियो में जिस ट्रेन की बात हो रही है, वह है सचखंड एक्सप्रेस, जो नांदेड़ से श्री अमृतसर साहिब तक जाती है। यह इस रूट की एकमात्र ट्रेन है, जिसमें सफर के दौरान सेवादार यात्रियों को लंगर परोसते हैं। वीडियो के कैप्शन में लिखा है, कि सचखंड एक्सप्रेस, नांदेड़ से श्री अमृतसर साहिब जाने वाली एकमात्र ट्रेन है जहां सेवादारों द्वारा संगत को उनकी जाति, धर्म या रंग के बारे में पूछे बिना लंगर परोसा जाता है।

## इंसानियत को सफर कराती है यह ट्रेन

### लेट ट्रेन भी नहीं रोक पाती सेवा का सिलसिला

अक्सर देखा जाता है कि ट्रेन लेट होने पर यात्रियों को खाने-पीने की परेशानी हो जाती है, लेकिन सचखंड एक्सप्रेस में ऐसा नहीं होता. यह ट्रेन चाहे घंटों लेट क्यों न हो, लंगर सेवा लगातार चलती रहती है। सेवादार पूरी श्रद्धा और सेवा भाव से यात्रियों को खाना परोसते हैं, जिससे सफर के दौरान किसी को भी भूखा नहीं रहना पड़ता।



### इंसानियत और सेवा की चलती-फिरती मिसाल


सचखंड एक्सप्रेस सिर्फ एक ट्रेन नहीं, बल्कि सेवा, समानता और मानवता का चलता-फिरता प्रतीक बन चुकी है। इस ट्रेन में मिलने वाला लंगर सिख परंपरा की उस भावना को दर्शाता है, जिसमें कहा गया है कि सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है। यहां अमीर-गरीब, हिंदू-मुस्लिम, सिख-ईसाई, सभी एक ही कतार में बैठकर भोजन करते हैं। वीडियो वायरल होने के बाद लोग इस सेवा की जमकर सराहना कर रहे हैं। कोई इसे 'इंसानियत की सबसे खूबसूरत मिसाल' बता रहा है, तो कोई कह रहा है कि 'यही असली भारत है। कई यूजर्स ने लिखा, कि ऐसी परंपराएं देश को जोड़ने का काम करती हैं और हर किसी को इससे सीख लेनी चाहिए।

# सऊदी के सबसे बुजुर्ग की 142 साल में मौत, 134 बच्चे-पोते

**110 साल की उम्र में आखिरी निकाह से भी बना बाप**



**रियाद।** जिस शख्स ने सऊदी अरब को रेगिस्तान से तरक्की तक बदलते देखा, जिसने चार पीढ़ियों को अपनी आंखों के सामने बड़ा होते देखा, आज उसकी कहानी पूरी दुनिया में चर्चा बन गई है। सऊदी अरब के सबसे बुजुर्ग माने जाने वाले शख्स नासिर बिन रदान अल राशिद अल वदई का 142 साल की उम्र में इंतकाल हो गया। नासिर अल वदई का जन्म उस दौर में हुआ था जब सऊदी अरब का एकीकरण भी नहीं हुआ था। उन्होंने किंग अब्दुलअजीज से लेकर मौजूदा बादशाह किंग सलमान तक का दौर देखा। उनका जीवन सऊदी अरब के सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक बदलावों का जीता जागता दस्तावेज माना जा रहा है। लोग उन्हें उस पीढ़ी का आखिरी गवाह बताते हैं, जिसने सऊदी अरब को कबीलाई समाज से आधुनिक राष्ट्र बनते देखा। बताया जाता है कि उन्होंने 110 साल की उम्र में आखिरी शादी की और बाद में एक बेटी के पिता भी बने। उनके 134 बच्चे-पोते हैं। आज के दौर में जब उम्र को लेकर बहस होती है, नासिर अल वदई की जिंदगी इंसानी हौसले, आस्था और सादगी की याद दिलाती है।










हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक: प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com